

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 225 | ग्वालियर सोमवार, 5 जून 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए



## न्यूज ट्रैक

### दवाओं की कमी, खाली पड़े एटीएम, 200 रुपये का पेट्रोल... हिंसा प्रभावित मणिपुर में लोगों का जीना हुआ मुहाल



मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच चल रही हिंसा को एक महीने से ज्यादा वक्त हो गया है. इस संघर्ष के कारण राज्य में जरूरी सामान की कीमतें आसमान छूने लगीं हैं और एटीएम में नकदी खत्म है. पेट्रोल की कालाबाजारी हो रही है जो कि 200 रुपये प्रति लीटर के रेट पर लोगों को खरीदना पड़ रहा है. इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में जीवन रक्षक दवाओं की भारी कमी हो गई और दुकानें दिन में सिर्फ कुछ घंटों के लिए खुलती हैं.मणिपुर जल रहा है के नारों के पीछे यहां के लोगों के ये संघर्ष छिपे हुए हैं. मणिपुर में इस संघर्ष की शुरूआत 3 मई को हुई थी जब अनुसूचित जनजाति के दर्जे की मैतेई समुदाय की मांग के विरोध में जनजातीय एकता मार्च के दौरान हिंसा भड़क गई थी. हिंसा शुरू होने के बाद से मैतेई और कुकी समुदायों के बीच हुई झड़पों में 98 लोगों की जान जा चुकी है और 310 लोग घायल हो गए हैं. हजारों लोग हुए बेघर-अब तक सैकड़ों लोग अपने घरों को खो चुके हैं और उन्हें मणिपुर या दिल्ली, दीमापुर और गुवाहाटी में राहत शिविरों में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा है. राज्य सरकार ने शुक्रवार (2 जून) को एक बयान जारी कर कहा था कि इस समय 272 राहत शिविरों में कुल 37,450 लोग हैं. राज्य में हिंसा शुरू होने के बाद से आगजनी के 4,014 मामले सामने आये हैं. अब सवाल ये है कि मणिपुर के उन लोगों का क्या जो एक महीने से इंटरनेट कनेक्शन के बिना दुनिया से कटे हुए हैं और हर दिन कुछ घंटों के लिए कर्फ्यू हटने के बाद अपने काम कर रहे हैं.

**अभी भी छिटपुट हिंसा जारी**-मणिपुर के कई इलाकों में अभी भी छिटपुट हिंसा जारी है, लेकिन इस बीच जीवन भी चलता रहना चाहिए. अब उसके लिए दैनिक जरूरी चीजों की आवश्यकता होती है. दो समुदाय- मैतेई और कुकी- आपस में लड़ रहे हैं, लेकिन ये एक ऐसा मुद्दा है जो दोनों को प्रभावित कर रहा है. इंफाल घाटी कई जनजातियों और समुदायों का घर है. इसलिए, दैनिक चीजों की कमी किसी विशेष जनजाति या समुदाय तक सीमित नहीं है.

### इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग थी हादसे की वजह? रेलवे बोर्ड ने बताया



ओडिशा के बालासोर में शुक्रवार (2 जून) को हुए दर्दनाक रेल हादसे का कारण इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में हुए बदलाव को माना जा रहा है. रविवार (4 जून) को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और रेलवे बोर्ड ने इस बारे में जानकारी दी. रेल मंत्री ने कहा कि हादसे की वजह सिग्नल के लिए जरूरी प्वाइंट मशीन और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम से संबंधित है. उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में हुए बदलाव की पहचान कर ली गई है. वहीं, रेलवे बोर्ड की सदस्य जया वर्मा सिन्हा ने कहा कि हादसा सिग्नलिंग में आई दिक्कत की वजह से हुआ. उन्होंने इलेक्ट्रोनिक इंटरलॉकिंग को टैंपर प्रूफ बताया. हालांकि, उन्होंने कहा कि यह एक तरह की मशीन है, इसलिए .01 फीसदी (फेलियर) गड़बड़ी की गुंजाइश रहती है. आखिर क्या होता है इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग, आइए समझते हैं.इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिग्नल तंत्र की एक सरल प्रणाली है. यह प्रभावी ढंग से पटरियों की व्यवस्था का प्रबंधन करती है ताकि ट्रेनों के बीच परस्पर विरोधी अवाजाही को रोका जा सके. इसका प्राथमिक उद्देश्य अनुचित क्रम में सिग्नलों को बदले जाने से रोककर ट्रेन संचालन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है. इस प्रणाली का मूल उद्देश्य ट्रेन को आगे बढ़ने के लिए दिए जाने वाले सिग्नल को तब तक रोकना है जब तक कि मार्ग के पूरी तरह से सुरक्षित होने की पुष्टि नहीं हो जाती.इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग रेलवे संचालन की समग्र सुरक्षा और क्षमता बढ़ाते हुए संभावित हादसों और टक्करों का जोखिम कम करता है. यह प्रणाली ट्रेनों की आवाजाही की निगरानी और उसके नियंत्रण के लिए इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोल सिस्टम और कंप्यूटर का उपयोग करती है.इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली पारंपरिक %मैकेनिकल इंटरलॉकिंग सिस्टम% की जगह लेता है. पारंपरिक मैकेनिकल इंटरलॉकिंग सिस्टम में सिग्नल और स्विच को नियंत्रित करने के लिए फिजिकल लीवर और रॉड का इस्तेमाल किया जाता है.इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के कई फायदे हैं, जिनमें ज्यादा विश्वसनीयता, तेज रिस्पॉन्स और ट्रेन की आवाजाही के प्रबंधन में बेहतर लचीलापन शामिल है.इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम पटरियों पर ट्रेनों की मौजूदगी और स्थान का पता लगाने के लिए सेंसर और फीडबैक डिवाइस का इस्तेमाल करता है.इंटरलॉकिंग सिस्सटम रेलगाड़ियों का सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करने के लिए ट्रेन डिटेक्शन सिस्टम, सिग्नल, प्वाइंट (स्विच) और ट्रैक सर्किट जैसी अन्य कई प्रणालियों के साथ एकीकृत होता है. कुल मिलाकर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग एक ऐसी सुरक्षा प्रणाली है जो सिग्नल और ट्रैक को नियंत्रित करके ट्रेनों के बीच परस्पर विरोधी आवाजाही को बचाता है. शुक्रवार शाम करीब 7 बजे ओडिशा के बालासोर में बाहानगा बाजार रेलवे स्टेशन के पास कोरोमंडल एक्सप्रेस के मुख्य लाइन के बजाय लूप लाइन में जाने से भयानक हादसा हो गया था. कोरोमंडल एक्सप्रेस लूप लाइन में खड़ी एक मालगाड़ी से भिड़ गई थी, इसकी चपेट में बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस भी आ गई थी. इस हादसे के कारण 275 लोगों ने जान गंवा दी. हालांकि, पहले बताया गया था कि 288 लोगों की मौत हुई. ओडिशा के मुख्य सचिव ने रविवार को साफ किया कि जान गंवाने वालों का आंकड़ा 275 है

# हादसे में अब तक कोई जवाबदेही नहीं..,

# राहुल गांधी बोले- फौरन रेल मंत्री का इस्तीफा लो

बालासोर रेल हादसे को लेकर विपक्षी दल मोदी सरकार पर हमलावर हैं. कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी अब इसे लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला है. उन्होंने कहा, ÷270 से ज्यादा मौतों के बाद भी कोई जवाबदेही नहीं है. मोदी सरकार इतनी दर्दनाक दुर्घटना की जिम्मेदारी लेने से भाग नहीं सकती है. प्रधानमंत्री को फौरन रेल मंत्री का इस्तीफा लेना चाहिए.÷

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी बालासोर में हुए रेल हादसे को लेकर केंद्र सरकार और रेल मंत्री को घेरा है. प्रियंका गांधी ने कहा, ÷भयावह ट्रेन दुर्घटना को हुए 24 घंटे से अधिक बीत चुके हैं. क्या मानवीय व नैतिक आधार पर शीर्ष पदों पर बैठे लोगों की जवाबदेही नहीं तय की जानी चाहिए? विशेषज्ञों, संसदीय समिति, ष्टत्र रिपोर्ट की चेतावनियों व सुझावों को नजरंदाज करने के लिए कौन जिम्मेदार है? रेलवे में खाली पड़े पदों और महत्वपूर्ण क्षेत्रों



में फंड की कमी के लिए किसकी जिम्मेदारी तय होगी? लाल बहादुर शास्त्री, नीतीश कुमार, माधव राव सिंधिया के नैतिक रास्ते का पालन करते हुए क्या रेल मंत्री को इस्तीफा नहीं देना चाहिए?÷

**कांग्रेस उठा रहा रेल मंत्री के इस्तीफे की मांग**–इससे पहले, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि रेलवे की सुरक्षा से प्रधानमंत्री और रेल मंत्री के ''प्रचार पाने की मुहिम'' की वजह से समझौता किया गया. उन्होंने कहा, ÷'याद कीजिए कि लाल बहादुर शास्त्री ने नवंबर 1956 की अरियालुर रेल दुर्घटना के बाद इस्तीफा दे दिया था और नीतीश कुमार ने भी अगस्त 1999 की गैसल ट्रेन हादसे के बाद ऐसा किया था. अब प्रधानमंत्री मोदी, रेल मंत्री वैष्णव से इस्तीफा कब मांगेंगे.÷

**क्या है हादसे की वजह**–वहीं, अब इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में हुए बदलाव को ओडिशा के बालासोर में शुक्रवार (2 जून) को हुए दर्दनाक रेल हादसे का कारण माना जा रहा है. रेल मंत्री ने कहा कि हादसे की वजह सिग्नल के लिए जरूरी प्वाइंट मशीन और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम से जुड़ी है. रेलवे बोर्ड की सदस्य जया वर्मा सिन्हा ने भी कहा कि हादसा सिग्नलिंग में आई दिक्कत की वजह से हुआ.

## इंफाल-दीमापुर हाईवे से नाकेबंदी हटाएं ताकि.., अमित शाह की मणिपुर के लोगों से अपील

मणिपुर में जारी बवाल के बीच जरूरी चीजों की कमी हो रही है और इनकी कीमतें भी आसमान छू रही हैं. इसी बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार (4 जून) को राज्य के लोगों से इंफाल-दीमापुर राष्ट्रीय राजमार्ग-2 से नाकेबंदी हटाने की अपील की ताकि राज्य में खाना, दवाई और ईंधन जैसी जरूरी चीजें पहुंच सकें. अमित शाह ने अपने ट्विटर हैंडल से ट्वीट कर नागरिक समाज के सदस्यों से इस बारे में पहल करने को कहा है. उन्होंने कहा, ÷मणिपुर के लोगों से मेरी विनम्र अपील है कि इंफाल-दीमापुर, राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर लगाई गई नाकेबंदी को हटा लें जिससे कि भोजन, दवाइयां, पेट्रोल/डीजल और अन्य आवश्यक वस्तुएं लोगों तक पहुंच सकें.÷उन्होंने आगे कहा, ÷मैं यह भी अनुरोध करता हूं कि नागरिक संगठन आम सहमति बनाने के लिए जरूरी कदम उठाएं. हम सब मिलकर ही इस खूबसूरत राज्य में सामान्य स्थिति बहाल कर सकते हैं.÷ अमित शाह ने हाल ही में स्थिति का जायजा लेने के लिए



मणिपुर की चार दिवसीय यात्रा की थी. इस दौरान राज्य में शांति की भावना बहाल करने के लिए उन्होंने विभिन्न हितधारकों के साथ बातचीत की थी.केंद्रीय गृह मंत्री ने अपनी यात्रा के आखिरी दिन सभी समुदायों और समाज के वर्गों से शांति बनाए रखने, चर्चा करने और सद्भाव को बढ़ावा देने के साथ-साथ अपने हथियार पुलिस को सौंपने का आग्रह किया था. शाह ने चेतावनी दी थी कि पुलिस की ओर से तलाशी अभियान के दौरान हथियार रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति व सौहार्द बनाए रखने की भी अपील की थी. इस बीच मणिपुर सरकार के सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह ने रविवार को कहा कि राज्य में पिछले 24 घंटों में हिंसा की कोई घटना नहीं हुई और प्रदेश में शनिवार को पूरी तरह शांति रही. गौरतलब है कि मैतेई समुदाय की ओर से अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग के विरोध में तीन मई को आदिवासी एकजुटता मार्च के आयोजन के बाद मणिपुर में जातीय हिंसा भड़क उठी थी.

### महाराष्ट्र सरकार के मंत्री बोले- सीमेंट से बनी दीवार टूट सकती है, लेकिन शिंदे-बीजेपी का गठबंधन नही

महाराष्ट्र के वन एवं सांस्कृतिक मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने रविवार (4 जून) को उद्धव ठाकरे गुट पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा, ÷शिवसेना (यूबीटी) ने जनादेश का अपमान किया. एकनाथ शिंदे ने गद्दारों को सबक सिखाया है. एक बार हो सकता है कि सीमेंट से बनी दीवार टूट सकती है, लेकिन शिंदे और बीजेपी का गठबंधन नहीं टूटेगा.÷ सुधीर मुनगंटीवार नवी मुंबई के खारघर इलाके में अखिल विश्व गायत्री परिवार की तरफ से मुंबई अश्वमेघ महायज्ञ के लिए निर्धारित यज्ञ स्थल पर भूमि पूजन में शामिल हुए थे. इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर पर उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, राज्यपाल रमेश बैस ने भी शिरकत की. खारघर के सेंट्रल पार्क में 23 से 28 जनवरी 2024 तक अश्वमेध महायज्ञ किया जाएगा.

## सांप्रदायिक रंग देने वालों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई, ओडिशा पुलिस की चेतावनी

ओडिशा ट्रेन हादसे को सांप्रदायिक रंग देने के खिलाफ ओडिशा पुलिस ने चेतावनी जारी की है. पुलिस ने कहा कि उन लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी जो बालासोर दुर्घटना को ÷सांप्रदायिक रंग÷ देने की कोशिश कर रहे हैं. इस हादसे में अब तक 275 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि हजारों लोग घायल हैं. पुलिस ने लोगों से ÷झूठे और दुर्भावनापूर्ण पोस्ट÷ फैलाने से रोकने का आग्रह करते हुए कहा, ÷ओडिशा में जीआरपी की तरफ से दुर्घटना के कारणों और अन्य सभी पहलुओं की जांच की जा रही है. यह देखने में आया है कि कुछ सोशल मीडिया हैंडल शरारती तरीके से बालासोर में हुए दुखद ट्रेन हादसे को सांप्रदायिक रंग दे रहे हैं. यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है.÷ओडिशा के बालासोर में शुक्रवार की शाम करीब 7 बजे बहानगा रेलवे स्टेशन पर दो ट्रेन और एक मालगाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई थीं. रेलवे की तरफ से कहा गया कि ट्रेन नंबर 12481 कोरोमंडल एक्सप्रेस बहानगा बाजार स्टेशन के (शालीमार-मद्रास) मेन लाइन से गुजर रही थी, उसी वक्त अप लूप लाइन पर वो मालगाड़ी से टकरा गई.



## मंत्री बोले- सीमेंट से बनी दीवार टूट सकती है, लेकिन शिंदे-बीजेपी का गठबंधन नहीं



महाराष्ट्र के वन एवं सांस्कृतिक मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने रविवार (4 जून) को उद्धव ठाकरे गुट पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा, ÷शिवसेना (यूबीटी) ने जनादेश का अपमान किया. एकनाथ शिंदे ने गद्दारों को सबक सिखाया है. एक बार हो सकता है कि सीमेंट से बनी दीवार टूट सकती है, लेकिन शिंदे और बीजेपी का गठबंधन नहीं टूटेगा.÷ सुधीर मुनगंटीवार नवी मुंबई के खारघर इलाके में अखिल विश्व गायत्री परिवार की तरफ से मुंबई अश्वमेघ महायज्ञ के लिए निर्धारित यज्ञ स्थल पर भूमि पूजन में शामिल हुए थे.इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर पर उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, राज्यपाल रमेश बैस ने भी शिरकत की. खारघर के सेंट्रल पार्क में 23 से 28 जनवरी 2024 तक अश्वमेध महायज्ञ किया जाएगा. सुधीर मुनगंटीवार ने इस दौरान ओबीसी नेतृत्व के मसले को लेकर कहा, ÷हमारे प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी समाज से हैं. देश के प्रधानमंत्री ओबीसी हैं. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार मराठा हैं, अब क्या शरद पवार हमें सिखाएंगे.नाना पटोले के मुख्यमंत्री वाले पोस्टर पर सुधीर मुनगंटीवार ने कहा, ÷मुंगेरी के लाल हसीन सपने. होर्डिंग लगाने से कोई मुख्यमंत्री नहीं होता है. अगर नाना पटोले को मुख्यमंत्री बनने की इच्छा है तो पहले उन्हें महा विकास आघाडी छोड़ना होगा. शिवसेना और बीजेपी एक हैं. बीजेपी और सोनिया की सेना अब कभी भी एक नहीं हो सकते हैं.÷

### गुवाहाटी एयरपोर्ट पर हुई फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग, केंद्रीय मंत्री रामेश्वर तेली भी थे सवार

डिब्रूगढ़ जा रही इंडिगो की फ्लाइट के इंजन में खराबी के बाद रविवार (4 जून) सुबह उसे गुवाहाटी में उतारा गया. अधिकारियों ने बताया कि उड़ान संख्या 6द्व-2652 में केंद्रीय पेट्रोलियम राज्यमंत्री रामेश्वर तेली और असम के दो विधायक- प्रशांत फुकान और तेराश गोवाला समेत लगभग 150 यात्री सवार थे.मंत्री रामेश्वर तेली ने बताया कि विमान के उतरने से करीब 15-20 मिनट पहले घोषणा हुई कि उड़ान का रास्ता बदल दिया गया है. उन्होंने कहा, ÷शुरू में हम डर गए और यह आशंका हुई कि उड़ान डिब्रूगढ़ हवाईअड्डे पर क्यों नहीं उतर पाई. इसे गुवाहाटी ले जाया गया. इसके बाद पायलट ने घोषणा की कि इंजन में तकनीकी खराबी आने के कारण, उन्हें उतरने के लिए लंबे रनवे की जरूरत है.

## 288 नहीं, 275 लोगों ने गंवाई जान

ओडिशा के बालासोर में शुक्रवार (2 जून) को हुए रेल हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या एक बार फिर अपडेट हुई है. ओडिशा के मुख्य सचिव प्रदीप जेना ने रविवार (4 जून) को जानकारी दी कि हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या 288 नहीं, बल्कि 275 है.राज्य मुख्य सचिव ने कहा कि हताहतों का आंकड़ा डीएम की ओर से जांचा गया था और यह पाया गया कि कुछ शवों को दो बार गिन लिया गया था. इसलिए जान गंवाने वालों की संख्या में संशोधन कर आंकड़े को 275 कर दिया गया है. मुख्य सचिव ने कहा कि 275 में से 88 शवों की पहचान कर ली गई है.मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य की फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला भी मुर्दाघर में रखे सभी शवों का डीएनए टेस्ट कर



रही है. उन्होंने कहा कि हादसे में घायल हुए 1,175 लोगों में से 793 को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है.इससे पहले रविवार को ही रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हादसे वजह बताई और दुर्घटनाग्रस्त इलाके में बुधवार तक सेवा की फिर से बहाली की उम्मीद जताई. रेल मंत्री ने कहा कि हादसे का कारण रेलवे सिग्नल के लिए जरूरी 'प्वाइंट मशीन' और 'इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग' सिस्टम से संबंधित है. उन्होंने कहा कि 'इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग' में हुए बदलाव की पहचान कर ली गई है, जिसकी वजह से हादसा हुआ.बता दें कि शुक्रवार शाम करीब 7 बजे बालासोर में बाहानगा बाजार रेलवे स्टेशन के पास कोरोमंडल एक्सप्रेस मुख्य लाइन के बजाय लूप लाइन में चली गई थी, जिससे उसकी भिड़ंत वहां खड़ी एक मालगाड़ी से हो गई. वहीं, बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस भी इसी हादसे की चपेट में आ गई थी. इस हादसे के कारण एक हजार से ज्यादा लोग घायल हुए हैं

# नाबालिग के शरीर से बाहर आ गई थीं आंतें, सिर में भी घोंपा था चाकू, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आई साहिल की दरिंदगी

दिल्ली के शाहबाद डेयरी इलाके में 16 साल की लड़की की निर्मम हत्या के बाद उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आई है. इस रिपोर्ट में कई दिल दहला देने वाले खुलासे हुए हैं. 28 मई को आरोपी साहिल ने किस तरह की वारदात को अंजाम दिया था इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मृतका की आंते बाहर आ गई थीं और उसके सिर में भी चाकू घोंपा था.

कि पुलिस को अस्पताल से 16 से 17 पन्नों की चार्जशीट मिली है जिसमें साहिल की क्रूरता की पूरी दास्तां बताई गई है. पुलिस सूत्रों ने कहा कि पोस्टमार्टम में खुलासा हुआ है कि साहिल के हमले इतने गंभीर और क्रूर थे कि पीड़िता की आंत के साथ आंतरिक अंग भी बाहर आ गए.

और क्या है पोस्टमार्टम रिपोर्ट में?-रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि आरोपी साहिल ने नाबालिग लड़की के ऊपर कई बार चाकुओं से वार किया. यहां तक कि उसने पीड़िताके सिर में भी चाकू घोंप दिया और फिर उसे पत्थर से कुचला. पीड़िता के शरीर पर चोट के निशान इस बात की पुष्टि भी करते




हैं. उसके सिर की हड्डियों में दरारें और चोटें पाई गई हैं. पोस्टमार्टम रिपोर्ट बताती है कि साहिल ने बेहद ही क्रूरता और घातक तरीके से उसके ऊपर हमला किया था.सूत्रों ने कहा है कि पीड़िता के शरीर पर चाकुओं के 16 घावों में से सबसे ज्यादा घाव कंधे और कमर के हिस्से में मौजूद हैं. साथ ही, उसके शरीर में कई हड्डियां टूटी मिलीं. ये दर्शाता है कि उसकी हत्या किस क्रूरता के साथ की गई. डॉक्टरों के मुताबिक, आरोपी साहिल ने नाबालिक लड़की के शरीर पर गहरे जख्मों के कई निशान दिए हैं.

**मर्डर वेपन जांच के लिए भेजा गया**-तो वहीं, पुलिस ने 1 मई को मर्डर वेपन चाकू के साथ-साथ जूते बरामद किए हैं. इन्हें जांच के लिए फॉरेंसिंक लैब में भेज दिया गया है. पुलिस का कहना है कि 28 मई को नई दिल्ली के शाहबाद डेयरी इलाके में 20 साल के साहिल नाम के व्यक्ति ने नाबालिग की कई बार चाकुओं से वार करके हत्या कर दी और सिर को पत्थर से कुचल दिया था. घटना के बाद आरोपी को पुलिस ने यूपी के बुलंदशहर से गिरफ्तार किया था.इस घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हुआ था जिसमें साहिल को कथित तौर पर लड़की पर चाकू से कई बार वार करते हुए दिखाया गया है.

# ग्राम पंचायत झरगांव में 3 दिवसीय पंचायत प्रतिनिधियों का स्वास्थ्य एवं जलवायु परिवर्तन पर प्रशिक्षण सम्पन्न

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गरियाबंद जिला मैनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत झरगांव में पंचायत प्रतिनिधियों का स्वास्थ्य एवं जलवायु परिवर्तन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण रखा गया था , जिसमे पंचायत प्रतिनिधियों को अपने मौलिक अधिकार जानने, स्वास्थ्य संबंधी, पर्यावरण, एवं वायु प्रदूषण में महत्वपूर्ण अपनी अहम भागीदारी निभाने पर जोर दिया गया ।

बता दें कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को जागरूक करने के लिए यह प्रशिक्षण रखा गया था, प्रशिक्षण का आज अंतिम दिवस है,प्रशिक्षण में पार्वती नागेश स्वास्थ्य पंचायत समन्यवयक ने बताया कि रासायनिक खेती से जैविक खेती की ओर अग्रसर करने किसानों को प्रेरित करने कहा गया, बाल मजदूरी को रोकने, बाल विवाह, पेयजल, निस्तार तालाब में सर्फ, साबुन इत्यादि को पानी मे नही फेकने को लेकर भी प्रेरित किया, जिसमे नशाखोरी



को लेकर भी जागरूक किया जा रहा है, गांव के युवा नशा जैसे कुप्रवृत्ति के दल दल में धसते जा रहे हैं,इस कुप्रवृत्तियों को छु?ने पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीण महिलाओं के द्वारा गांव में रैली निकाल कर जागरूक किया जा रहा है। इस मौके चार ग्राम पंचायत के पंच एवं सरपंचो ने झरगांव में आयोजित प्रशिक्षण में भाग लिए , इस अवसर पर पार्वती नागेश स्वास्थ्य पंचायत समन्यवयक, तुकाराम पत्थर सरपंच, उपेंद्र कुमार यादव सचिव ग्राम पंचायत झरगांव , केसब सोरी सरपंच, जलंधर यादव सचिव, तेतलखुटी , प्रेम सिंह ओंटी सरपंच सालेभाटा, श्रीमती सपुरो वाई मांझी सरपंच ,जलंधर राजपुत गुरजीभाटा, जगतराम, कष्टिराम, उषा बाई, परवीत राम सोरी, चेतन राम ठाकुर ,रोहित कुमार नायक, पुस्तम राम यादव, पूरन सिंह मांझी, नीलाधर,कुरेश अली, रमेश सिंह सोरी, भुवन लाल साहू, मुराद अली, पुस्तम मांझी, जालमती , जमो बाई सोरी, देवबती नेताम, लुद्रिका पाथर, मोंगरा पाथर, द्रोपती बाई नेताम, शहिदा बेगम, धनमती, चैती बाई, पोतनी बाई, परमिला, सविता, जज्ञसेनी, आसाबानो, नीलेंद्री केशवो राम, खिलेंद्री, सुशीला, रजनीमुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा प्रभारी श्री अश्वनी अवस्थी जी बिंद्रा नवागढ़ विधानसभा के मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर पार्टी के नेताओं ने दीं बधाई

**संवाददाता हेमचंद नागेश**



अमलीपदर भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला गरियाबंद की कार्यकारिणी घोषणा बीते दिनों संपन्न हुई.जिसमें बिंद्रा नवागढ़ विधानसभा के मीडिया प्रभारी रूप में अमलीपदर के श्री अश्वनी अवस्थी जी को ज़म्मिेदारी दी गई हैं। श्री अश्वनी अवस्थी जी बिंद्रा नवागढ़ विधानसभा के मीडिया प्रभारी बनने के बाद से ही पार्टी कार्यकर्ताओं ने विभिन्न माध्यमों से शुभकामनाएँ ज्ञापित की साथ ही भाजपा नेताओं ने गुलदस्ता भेंट करते हुए बधाई दी एवं पार्टी का गमछे से सम्मानित किया गया।

# शिवपुरी प्रशासन की बड़ी कार्यवाही ईदगाह पर बनी अवैध दुकानों को किया जमीदोंज





**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-शिवपुरी प्रशासन ने रविवार सुबह शहर के ईदगाह परिसर के बाहर फ्रंट रोड पर अवैध रूप से बनाई गई 15 दुकानों को जमींदोज कर दिया। इस निर्माण की कई शिकायतें पूर्व में भी दर्ज कराई गई थी। इसके साथ ही प्रशासन के द्वारा कई नोटिस जारी किए गए लेकिन अमल ना होने के बाद आज प्रशासन ने अवैध रूप से बनाई गई 15 दुकानों को जमींदोज कर दिया।कार्रवाई से पहले प्रशासन ने लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति न बिग? इसके लिए ईदगाह के आसपास की सभी छोटी गलियों एवं मुख्य सड़क पर आवागमन को बंद कर दिया था। इलाके में पैदल घूमने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया था। हर छोटी गलियों के सामने भारी मात्रा में पुलिस बल को तैनात किया गया था। इस मौके पर शिवपुरी एसडीएम अंकुर गुप्ता, तहसीलदार, एडिशनल एसपी प्रवीण भूरिया, एसडीओपी अजय भार्गव, नगर पालिका सीएमओ केशव सगर सहित तीनों थानों की पुलिस बल को तैनात किया गया था।

**सरकारी जमीन पर हो गया था कब्जा**-बता दें कि शासन द्वारा वक्फ बोर्ड को भूमि सर्वे नं. 730 आबंटित की गई थी, परंतु सर्वे नं 730 से जुड़े अन्य शासकीय भूमि के सर्वे नंबर 727, 726, 761 पर अवैधानिक रूप से कब्जा कर कमेटी द्वारा बाउंड्री का निर्माण कर लिया गया था। इसके बाद वर्ष 2017-18 में सर्वे नंबर 726 में अवैध रूप से 15 दुकानों का निर्माण सरकारी भूमि पर कर लिया गया था।उक्त अवैध निर्माण को हटाए जाने के लिए प्रशासन ने पहले भी नोटिस जारी किए थे लेकिन कब्जा करने वाले लोगों ने जमीन को खाली नहीं किया। लिहाजा रविवार को प्रशासन की टीम ने यह कार्रवाई की।

# अमलीपदर में पवित्र देवस्नान पर्व पर श्री जगन्नाथ जी का हुआ गोविंदाभिषेक



**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**अमलीपदर** - धर्म नगरी ग्राम अमलीपदर मे आज पवित्र देव स्नान पर्व पर आज अमलीपदर ग्राम के हृदय स्थल श्री जगन्नाथ मंदिर में महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी का गोविंदाभिषेक किया गया श्री जगन्नाथ मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित युवराज पांडे जी द्वारा प्रेस वार्ता पर बतलाया कि पवित्र ग्रंथों और पुराणों के मान्यता अनुसार आज आषाढ़ पूर्णिमा को भगवान श्री जगन्नाथ जी बलभद्र जी माता सुभद्रा जी के साथ पवित्र देव स्नान करते हैं यह पर्व रथ यात्रा के 15 दिवस पूर्व भगवान देव स्नान किया जाता है और भगवान को षोडशोपचार एवं पंचोपचार से पुजन पश्चात दिव्य गंगाजल सप्त समुद्र सप्त पवित्र नदियों का जल चंदन मिश्रित जल से भगवान का देव स्नान किया जाता है आज ग्राम अमलीपदर के हृदय स्थल जगन्नाथ मंदिर में ब्रह्म मुहूर्त में पंच ध्वनि वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ प्रातकाल- भगवान जी का पूजा अर्चना आरती हुई तत्पश्चात दोपहर 12-00 बजे से भगवान की पूजा अर्चना एवं वेद मंत्रों के द्वारा आचार्य रामानुज युवराज पांडे जी द्वारा भगवान श्री दाऊ बलभद्र माता सुभद्रा एवं जगन्नाथ जी का पवित्र देव स्नान गोविंदाभिषेक से किया गया पं युवराज पांडे जी ने यह बताया कि आज से 15 दिवस भगवान स्नान के बाद महाप्रभु का स्वास्थ्य खराब होने पर आयुर्वेदिक दिव्य जड़ी बूटियों द्वारा श्री जगन्नाथ जी का उपचार किया जायेगा तथा इन समय में भगवान का गर्भगृह बंद रहेगा । उक्त कार्यक्रम में ग्राम के गणमान्य नागरिक भक्त श्रद्धालु, हाथीराम, ईडी, समस्त भक्त वैद्य परिवार, प्रेम राव वाघे ,संजय नेताम (जिला पंचायत उपाध्यक्ष) श्रवण शतपथी, निर्भय सिंह ठाकुर, प्यारेलाल दुबे, सरपंच सेवन पुजारी, श्याम गांव पुजारी, श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर के प्रमुख सेवक गण,ग्राम के समस्त श्रद्धालु साहू परिवार, समस्त श्रद्धालुओं चक्रधारी समाज, एवं अमलीपदर ग्राम के समस्त श्रद्धालु भक्त नर नारी भगवान के पवित्र देव स्नान में उपस्थित होकर के भगवान से सुख समृद्धि की कामना के साथ प्रार्थना किये।

# सर्व समिति से क्षत्रिय खंगार समाज द्वारा नवनियुक्त अध्यक्ष महेश प्रताप सिंह परिहार को नियुक्त किया गया जिला अध्यक्ष

## महेश प्रताप सिंह परिहार बने क्षत्रिय खंगार समाज के जिलाध्यक्ष



**राकेश परिहार पिछोर**
**969133862**

**पिछोर,** खोड़ शिवपुरी जिले के समस्त क्षत्रिय खंगार समाज एकत्रित होकर चिंता हरण मंदिर शिवपुरी पर बैठक का आयोजन किया गया जिसमें महत्वपूर्ण क्षत्रिय खंगार समाज द्वारा लिया गया सर्वसम्मति से महेश प्रताप सिंह परिहार गड़ेशखेड़ा को क्षत्रिय खंगार समाज द्वारा शिवपुरी जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर क्षत्रिय खंगार समाज बंधुओं ने बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की चिंता हरण मंदिर पर बैठक का समापन हुआ जिस में उपस्थित रहे डॉक्टर परमानंद पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, समाजसेवी, महेश परिहार, राष्ट्रीय प्रदेश अध्यक्ष मजबूत सिंह परिहार , जिला प्रभारी मान सिंह परिहार शिवपुरी, कप्तान सिंह परिहार जनपद बुढ़ानपुर पिछोर, विजय सिंह परिहार एससी मोर्चा भाजपा मंडल अध्यक्ष सिरसोद, पहाड़ सिंह परिहार बरेला, अरुण परिहार राजोर, राम सिंह परिहार माचमोर, शिवपुरी जिले के समस्त क्षत्रिय खंगार समाज बंधु मुख्य रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहे

# सिमानीजोर गांव के निकट दो चार पहिया वाहनों के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर,दो लोग गंभीर रूप से घायल

**दुमका/झारखंड**– रामपुरहाट राष्टीय उच्च पथ पर सिमानीजोर गांव के निकट आज शनिवार को दो चार पहिया वाहनो के बीच आपस में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई है7घटना में ओमनी सवार ड्राइवर सहित दो व्यक्ति घायल हो गए,जिन्हें शिकारीपाड़ा पुलिस ने घटनास्थल से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिकारीपाड़ा लाया7 प्राथमिक इलाज के बाद दोनों घायलों को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर देवानंद मिश्रा ने रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के मलूटी गांव निवासी कृष्ण नंदू घोष अपनी निजी ओमनी कार से चालक बुद्धदेव मिर्धा के साथ दुमका की ओर जा रहे थे जब सिमानीजोर पुलिया के निकट पहुंचे तो दुमका की ओर से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार ने सामने से आकर जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें ओमनी के ड्राइवर बुद्धदेव मिर्धा का एक पैर टूट गया एवं कृष्ण नंदू घोष उर्फ पिंटू घोष भी घायल हो गए7दोनों वाहन क्षतिग्रस्त होने के कारण घटनास्थल पर ही पड़े थे, दोनों वाहनों को शिकारीपाड़ा पुलिस ने जप्त कर लिया है तथा जेसीबी मशीन से पुलिया से हटाकर आवागमन बहाल कर दिया है।

# जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने की जनवितरण विक्रेताओं के साथ बैठक,दिया शत-प्रतिशत आधार सिडिंग का निर्देश

**दुमका/झारखंड।** दुमका जिले के रानीश्वर प्रखंड सभागार में जिले का आपूर्ति पदाधिकारी बंका राम ने शनिवार के अपराह्न में पीडीएस डीलरों के साथ बैठक कर सभी डीलरों को शत प्रतिशत राशन कार्डधारी का आधार सिडिंग करने, राष्टीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लाभार्थियों के बीच शत-प्रतिशत अनाज वितरण,ग्रीन कार्डधारियों के बीच शत-प्रतिशत अनाज वितरण एवं धोती सा?ी का ई पोस मशीन के माध्यम से वितरण करने का आदेश दिया है ।बैठक में प्रखंड क्षेत्र के 76 डीलरों में से मात्र 20 डीलर हीउपस्थित थे7उन्होंने बीडीओ को अनुपस्थित 56 डीलरों से स्पस्टीकरण मांगने का आदेश दिया है ।बैठक में डीलरों के अलावा बीडीओ प्रीतिलता मुर्मू,सहायक गोदाम प्रबंधक विश्व नाथ सिंह मौजूद थ

# दावा आपत्ति 06 जून 2023 को कार्यालय में किये जा सकते हैं प्रस्तुत

गुना/ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुना/ बमोरी श्री वीरेन्द्र सिंह बघेल द्वारा दी गयी जानकारी अनुसार तहसील बमोरी अंतर्गत सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत नवीन उचित मूल्?य दुकान आवंटन हेतु पात्र संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किये गये थे। प्राप्?त आवेदनों का सत्यापन जांच हेतु गठित समिति द्वारा कर पात्र/ अपात्र आवेदनों की सूची कार्यालय अनुविभागीय राजस्?व गुना के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गयी है।दावा आपत्ति 06 जून 2023 को सायं 6 बजे तक कार्यालय में प्रस्तुत किये जा सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

# घरेलू सिलेंडर की कालाबाजारी/ विक्रय करने पर मुकेश मीना पर लगाया रूपये 1 लाख 10 हजार का जुर्माना

गुना/ कलेक्टर फ्रेंक नोबल ए0 द्वारा पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सगर के प्रतिवेदन के आधार पर 22 घरेलु सिलेण?डर को कालाबाजारी/ विक्रय करने के उद्देश?य से रखे पाये जाने के प्रकरण में मुकेश मीना पुत्र अमरसिंह मीना निवासी भील मौहल्?ला कुंभराज जिला गुना के विरूद्ध 1 लाख 10 हजार रूपये जुर्माना लगाये जाने के आदेश जारी किए गए हैं। इसके साथ ही संबंधित द्वारा उक?त कृत?य की पुनरावृत्ति किये जाने पर जुर्माने के साथ गैस सिलेण?डर राजसात करते हुए पुन- पुलिस प्राथमिकी दर्ज कराये जाने की कार्यवाही की जावेगी। पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन अनुसार दिनांक 22 मार्च 2023 को पुलिस थाना कुंभराज द्वारा कार्यवाही करते हुये आरोपी मुकेश मीना पुत्र अमरसिंह मीना उम्र 46 साल निवासी भील मोहल्ला कुंभराज जिला गुना कि गल्ले की दुकान में 22 घरेलू सिलेंडर को विक्रय करने के उददेश्य से रखे हुये पाया गया। जिस पर से उक्त 22 सिलेंडर (20 सिलेंडर भारत गैस कंपनी एवं 02 सिलेंडर इंडेन गैस कंपनी) को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत थाना कुंभराज में अपराध दर्ज किया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी जिला गुना द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर अनावेदक को विधिवत कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।उक्त प्रकरण में अधिरोपित आरोप के संबंध में मुकेश मीना द्वारा प्रस्तुत जबाब के साथ ऐसा कोई दस्तावेज/ साक्ष्य पेश नही किये जिससे यह साबित हो सके कि मुकेश मीना के गल्ले की दुकान मे उक्त घरेलू सिलेंडर जप्त नहीं किये गये है। जबकि पुलिस अधीक्षक जिला गुना द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों से इस बात की पुष्टि हुयी कि आरोपी मुकेश मीना को अपनी गल्ले की दुकान में 22 घरेलू सिलेंडरों को कालाबाजारी /विक्रय करने के उद्देश?य से रखे हुये पाये गये। मुकेश मीना अधिकृत डीलर भी नहीं है और न ही उसके पास वैधानिक लायसेंस पाया गया। जप्त गैस सिलेंडरों का ब्यौरा भी मुकेश मीना देने में असफल रहे। मुकेश मीना द्वारा अप्राधिकृत रूप से हितग्राहियों के सिलेंडरों को अपनी दुकान पर बिना कोई सुरक्षा उपाय के कालाबाजारी के उदेश्य से भंडारित कर दुकान में रखे पाये गये। जप्त घरेलू गैस सिलेण्डर 22 को रिहायशी व घनी आबादी स्थल पर बिना मे सुरक्षा उपाय के एक साथ संग्रहित/ भंडारित करना मानव जीवन को खतरे में डालना है तथा पूर्णतः अवैधानिक कृत्य है। मुकेश मीना के उक्त कृत्य से उक्त स्थल पर कभी भी आगजनी होने पर जानमाल की हानि व गंभीर दुर्घटना घटित हो सकती थी। उक्त कारण से मुकेश मीना का यह कृत्य द्रवित पेट्रोलियम गैस (प्रदाय व वितरक विनिमय) आदेश 2000 की कंडिका 3(ग) 4 का स्पष्ट रूप से उल्लंघन होकर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 377 के अंतर्गत दण्डनीय है ।संपूर्ण प्रकरण में कलेक?टर द्वारा विचारोपरांत मुकेश मीना पुत्र अमरसिंह मीना निवासी भील मौहल्ला कुंभराज जिला गुना पर 110000/- (एक लाख दस हजार) रुपये का जुर्माना लगाये जाने के आदेश जारी किए गए है। सम्बंधित द्वारा उक्त कृत्य की पुनरावृत्ति किये जाने पर जुर्माने के साथ जप्त गैस सिलेंडर राजसात करते हुये पुन- पुलिस प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्यवाही की जावेगी। इसके साथ ही जिला आपूर्ति अधिकारी जिला गुना को निर्देशित किया गया है कि सम्बंधित से चालान के माध्यम से 110000/- (एक लाख दस हजार रुपये) जमा करवाये। जुर्माना जमा होने पश्चात जप्त गैस सिलेंडर विधिवत जप्ती से मुक्त कर सम्बंधित हितग्राहियों को वितरित कराने की विधि संगत कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

# वन विभाग के कर्मचारियों के साथ करना अतिक्र मणकारी पड़ा महंगा, 12 अतिक्रमणकारी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

मैनपुर। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में अवैध अतिक्रमणकारियों ने शुक्रवार को वन अमले पर हमला कर मारपीट किया। वन कर्मियों के वर्दी भी फाड़ दिया था। और तो और डीएफओ के साथ वन विभाग के अधिकारियों के वाहनो में तोड़फोड़ किया था। इस मामले को लेकर वन विभाग द्वारा शुक्रवार को ही 29 लोगो को पकड़कर पूछताछ के लिए मैनपुर तौरेंगा परिक्षेत्र कार्यालय लाया गया था जिसमें से महिलाओं और नाबालिक बच्चो को पूछताछ के बाद वापस छोड़ दिया गया। वही 12 अतिक्रमणकारियों के खिलाफ वन अपराध के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायलय में पेश कर आज शनिवार को देर शाम गरियाबंद उप जेल भेजे जाने की जानकारी मिली है जिसमें आरोपी प्रहलाद पिता नेहरू उम्र 25 वर्ष ग्राम जतेबेड़ा, शंभू पिता चमरू उम्र 29 वर्ष नदीपारा, नेहरू पिता मोहन उम्र 52 वर्ष जतेबेड़ा, कंवलसिंह पिता रतीराम उम्र 55 वर्ष कुम्हारपारा, टाकूराम पिता लच्छूराम उम्र 46 वर्ष माड़गांव, मोहनलाल पिता देसिया उम्र 56 वर्ष कुकड़ादेही, बिकेन पिता रोनदास उम्र 33 वर्ष ग्राम बोई, फुलसिंह पिता महरा उम्र 55 वर्ष ग्राम शास्त्रीनगर, हेमलाल पिता सुखराम उम्र 52 वर्ष ग्राम डाराआमा, पुनउ पिता कुरजु उम्र 66 वर्ष ग्राम सिमोरा सभी नवरंगपुर ओड़िशा निवासी एवं देवेन्द्र पिता मालाराम उम्र 22 वर्ष ग्राम करमरी जिला कोण्डागांव, सुखदेव पिता फुलचंद उम्र 60 वर्ष ग्राम मालगांव जिला कांकेर को जेल भेजे जाने की जानकारी वन



विभाग द्वारा दिया गया है। गरियाबंद जिले के उदंती सीतानादी टाइगर रिजर्व उदंती अभ्यारण के भीतर जंगल में अवैध रूप से कब्जा कर बसाए गए ग्राम इचरादी को वन विभाग द्वारा एक सप्ताह पूर्व 26 मई को अतिक्रमण मुक्त किया गया था और 65 अवैध अतिक्रमण कर निर्माण किये गये घरो को बुलडोजर से जमीदोज कर दिया गया था। इसके बाद उक्त अतिक्रमण हटाये गये सरकारी भूमि पर एक बार फिर उड़ीसा के कुछ ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण करना प्रारंभ कर दिया गया था। और तम्बू तानकर वहा रहने लगे थे जिसकी जानकारी लगते ही शुक्रवार को सुबह वन विभाग के स्थानीय अधिकारी और कर्मचारियों की टीम मौके के निरीक्षण में पहुंचे थे लेकिन अतिक्रमणकारियों ने पहले से प्लानिंग कर वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों का मानो इंतजार कर रहे थे। जैसे ही वन विभाग के स्थानिय अधिकारी, कर्मचारी इचरादी पहुंचे अतिक्रमणकारियों ने उनके ऊपर प्लानिंग के तहत अचानक हमला बोल दिया और मारपीट करने लगे वन विभाग के स्थानीय अधिकारी कर्मचारियों की वर्दी तक को फाड़ दिया। और उन्हें बंधक बना लिया, जिसकी जानकारी लगती ही उदंती सीतानादी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन तत्काल मौके पर पहुंचे तो अतिक्रमणकारियों ने डीएफओ वरुण जैन के सरकारी वाहन के साथ अन्य वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के वाहनों को संबल ,लोहे की सरिया, कुल्हाड़ी डंडे से तोड़फोड़ कर दिया और वन विभाग के अमला पर गुलेल, डंडा से हमला कर दिया जिससे वन विभाग के कई कर्मचारी घायल हो गये हैं।

हमला करने वाले 29 महिला पुरूषो को पूछताछ के लिए मैनपुर लाया गया था, 12 पुरूषों को भेजा जेलतौरेंगा वन परिक्षेत्र अधिकारी बी एल सोरी ने बताया कि वन विभाग के कर्मचारियों के साथ मारपीट कर वर्दी फाड़ दिया गया उन्हे बंधक बनाया गया साथ ही सरकारी वाहनो में तोड़फोड़ करने वाले 12 पुरूष और 17 महिलाओं जिसमें एक नाबालिक को पूछताछ के लिए कल शुक्रवार को मैनपुर तौरेंगा कार्यालय लाया गया था जिसमें से महिलाओं को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया वही 12 आरोपियो को भारतीय वन अधिनियम के धारा के तहत न्यायलय में पेश कर जेल भेजा गया

# मुरैना नवागत एसपी शैलेन्द्र सिह चौहान ने छुडाये गुण्डे मबाली बदमाशो के छक्के

## धीमी सोची समझी कारबाहियो के डर से अबैध माफियो के धन्धे ठप्प...

**मुरैना...** जिले के कुछ थाना क्षेत्रो में जो कभी रेत के अवैध धंधे के लिए बदनाम हुआ करता था, वहां नवागत एसपी द्वारा रेत माफियाओं के छक्के छूटने का डर सताने लगा है जिसमें कुछ पुलिस थाना प्रभारियो की शौहरत है आलम यह है कि कार्रवाई के डर से मठाधीश बने बैठे माफिया व पुलिस के इन्ट्री करने बाले लोग भूमिगत होते नजर आरहे हैं, जिससे रेत का अवैध कारोबार अभी पूरी तरह से ठप नही हुआ है। यहां बताना गौरतलब होगा कि जब से आईपीएस शैलेन्द्र सिह चौहान ने एसपी के रूप में जिले की कमान संभाली है, वह ताबड़तोड़ कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। वहीं उन्होंने रेत, जुआ, सट्टा, नशा व हथियार तस्करी व लुटेरो पर लगाम लगाने के लिए थाना प्रभारियों को भी फ्री हैंड कर दिया है। कप्तान की ओर से हरी झंडी मिलते ही नूराबाद थाना एक्शन मोड पर आ गई हैं दबाई बिक्रैता से लूट करने बाले सभी आरोपी पकड लिये गये है एसपी द्वारा बरती जा रही सख्ती से अब रेत म माफिया की कमर टूटने का डर सता रहा है आलम यह है कि



का उत्खनन तो दूर की बात है, पहले से डंप पड़ी रेत भी उठैगी या नहीं हलचल मची हुई है

एसपी चौहान फुल फार्म में... डर के मारे आकाओं के घर पहुंच रहे माफिया एसपी शैलेन्द्र चौहान अपने फुल फार्म में है... अपराधियों के खिलाफ उन्होंने सख्त और कड़ा रवैया अपनाना शुरू कर दिया हैहै। पुलिस की सख्ती से माफिया का पूरा गोरखधंधा ठप होने की कगार पर है शौहरत बाली पुलिस इससे वह काफी विचलित हैं। चूंकि हर माफिया किसी ना किसी राजनेता के संरक्षण में फल-फूल रहा था। ऐसे वह अपने आकाओं के पास मदद मांगने पहुंच रहे हैं। मगर आगामी दिनों में विधानसभा चुनावों को देख अपनी छवि खराब होने से बचानेकी गरज से राजनेताओं द्वारा भी उनकी कोई मदद नहीं की जा रही है।

**लेडी सिंघम के खौफ से थर्रा गए माफिया**-कुछ थाना प्रभारियो को एक्शन मोड पर देख लुटैरो में खासा हड़कंप मचा हुआ है, जो कार्रवाई से बचने के लिए खुद तो भूमिगत हो ही गए हैं, साथ ही जो लोग इल काम मे लिप्त थे , पुलिस से बचाने के लिए उन्हें भी दूसरे जिले में छुपा दिया गया है। क्योंकि एसपी चौहान द्वारा ऐसी घेराबंदी की रणनीति तैयार की गई है, कि गुण्डे मबाली बदमाश किसी क्षेत्र से निकल पाना मुश्किल ही नहीं बल्कि नामुमकिन हो जाये।

# तेज रफ्तार हवाऐ तुफान चलने से तालाब कि मिट्टी धसने से दो महिलाओं कि मौके पर हो गई मौत

**खरगोन से मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे**

**टाण्डा बरुड।** थाना क्षैत्र के ग्राम भडवाली छोटी भडवाली में ग्राम पंचायत से बने मनरेगा योजना अन्तर्गत तालाब में अपने घरेलू उपयोग के लिए तालाब से मिट्टी लेने आयी 4 महीलाए मिट्टी में धस गई जिसमे 2 महीलाए बच गई एवं 2 महीलाओ कि मौके पर मिट्टी में धसने से मौत हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भड़वानी कि दो महीला सोनु पति शुभम बामनिया उम्र 30 वर्ष एवं बालि पति दशरथ अवासें उम्र 40 वर्ष अपने बच्चों के साथ मनरेगा से निर्मित तालाब में घरेलू कामकाज के लिए मिट्टी लेने आयी थी तब अचानक तेज हवा आधी के चलने से मिट्टी धस गई जिससे दोनों महीलाए दब गई साथ में आए बच्चों ने घटना देखने के तुंरत बाद दौड़ कर गांव में जाकर ग्रामीणों को सुचना दी जिससे मौके पर ग्रामीण जन पहुंचे



एवं महीलाओं को मिटृटी से निकालने कि कोशिश कि एवं वहीं ग्रामीण जनो द्वारा पुलिस थाने में सुचना दी गई एवं डायल 100 एवं 108 एंबुलेंस एवं टांडा बरूड़ थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुची घायल महीलाओं को अस्पताल भेजा एव शव को अपने कब्जे में लेकर परिवार के समकक्ष टांडा बरूड़ पी.एम के लिए भेजा एवं एवं परिवार के समकक्ष पिएम करवाकर लाश को परिवार सुपुर्द किया गया पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई ग्राम भडवाली छोटी भडवाली में ग्राम पंचायत के द्वारा पुराना मिट्टी का मनरेगा योजना के तहत बनाया गया था लेकिन ग्राम सांगवी से 02 किलोमीटर आगे मिट्टी लेने गई थी महिलाएं घरेलू कार्य के लिए हवा आंधी तुफान तेज रफ्तार चलने से मिट्टी की खदान धंस गई जिसमें दो महिलाएं मौके पर मौत हो गई दो महिलाएं बाल बाल बच गई

# शिक्षा से ही व्यक्ति व व्यक्तित्व का विकास संभव : आईपीएस कैलाश सीरवी





**पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सेंणचा ब्यूरो सीफ**

बेंगलुरू : सीरवी समाज महालक्ष्मी लेआउट बडेर में रविवार को समाज की ओर से आयोजित समारोह में संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा 2022 में 465वीं रैंक हासिल कर आईपीएस बने कैलाश सीरवी को सम्मानित किया गया ।स्वागत सामारोह में महाल्क्ष्मी वडेर के सचिव प्रताप राम गेहलोत, सह-सचिव हरजीराम गेहलोत, कोषाध्यक्ष मोहनलाल लचेटा, सलाहकार नारायणलाल लचेटा, जीताराम हाम्बड एवम समस्त कार्यकारिणी कमेंटी मेंबर एंव बलेपेट बडेर के अध्यक्ष हरजीराम गेहलोत, सचिव अमराराम चोयल खेल मंत्री कैलाश भायल, सुकतकट्टे वडेर के सचिव हनुमान राम बर्फा, पूर्व सचिव भँवर लाल गेहलोत, हनुमन्तनगर वडेर के सहलाकार डायाराम गेहलोत ,सेसाराम बर्फा सहित समस्त महालक्ष्मी लेआउट बडेर के पदाधिकारियों ने कैलाश सीरवी का माला साफा पहनाकर सम्मान किया ।कैलाश सीरवी ने कहा कि शिक्षा से ही व्यक्ति व व्यक्तित्व का विकास संभव है। उन्होनें कहा कि समाज की युवा पीढ़ी को शिक्षा पर विशेष ध्यान केंद्रित करना है। शिक्षा के लिए सही दिशा व उचित मार्गदर्शन के साथ प्रयास करना चाहिए। इस कार्यक्रम में महासभा महिला अध्यक्ष लीलाबाई ने विचार व्यक्त किए। बलेपेट बडेर के अध्यक्ष हरजीराम गेहलोत ने कहा कि नव चयनित प्रतिभाओं छात्र छात्राओं के लिए प्रतिमा समारोह आयोजन करना चाहिए। सचिव अमराराम चोयल ने कहा कि विद्यार्थी समाज का वर्तमान और भविष्य होते है । इन्हें समय समय पर प्रोत्साहित, मार्गदर्शन बनकर ही हम भावी पीढ़ी के बेहतर भविष्य का खाका तैयार कर उन्नतिशील समाज की कल्पना कर सकते है । मंच सचालन बलेपेट बडेर के पूर्व सचिव नारायणलाल लचेटा ने किया ।सचिव प्रताप राम ने धन्यवाद दिय

# श्री राम मंदिर के निर्माण का हुआ शिलान्यास पूजन

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर पुष्पांजलि टुडे**

एटा रविवार ज्येष्ठ पूर्णिमा के मंगल दिन पर श्री बालाजी धाम मंदिर माल गोदाम रोड एटा पर श्रीराम मंदिर के निर्माण का शिलान्यास पूजन किया गया, जिसमे राम राम नाम लिखी शिला से नीव रखी गई जो की शुभ मुहूर्त के समय 51 शिलाएं राम नाम लिखी हुई 51 लोगो के हाथो से रखवाई गई, मन्दिर पर बैंड बाजा के साथ ये शुभ कार्य प्रारम्भ हुआ और सभी लोग जय श्री राम के नारे लगाते रहे, श्री बालाजी मंदिर ट्रस्ट सभी पद अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और बहुत अधिक संख्या में



राम भक्त मौजूद रहे सभी ने बारी-बारी से शिलाओं का पूजन किया ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री महेश चन्द्र , कोषाध्यक्ष नीरज गुप्ता मुख्य व्यवस्थापक नारद वार्ष्णेय, सुजीत देव वार्ष्णेय,राम शिवाजी ,आकाश चौहान, सत्य प्रकाश ठेकेदार , स्वागत पचौरी,दीपक गुप्ता ,गौरव गुप्ता ,राजकुमार वार्ष्णेय, चंद्र मोहन, सुमित वार्ष्णेय,नगर पालिका अध्यक्ष सुधा गुप्ता , पंकज गुप्ता एडवोकेट, प्रशान्त गुप्ता, सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड ,राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय हलधर किसान यूनियन के धीरेंद्र सोलंकी , सनी जैन ,हिमांशु कुलश्रेष्ठ ,राहुल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस की सरकार बनते ही हर नारी को मिलेंगे 1500 रू प्रतिमाह : मान सिंह कुशवाह

## मेहगांव विधानसभा के खैरोली व मलपुरा में नारी सम्मान योजना कार्यक्रम संपन्न



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेठी प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ के निर्देशन में,सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में चलाए जा रहे नारी सम्मान योजना की शुरुवात, प्रदेश के हर जिले में हो चुकी है,भिंड जिले के मेहगांव विधानसभा के गडपारा मंडलम के खेरौली एव मलपूरा में नारी सम्मान योजना के कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में चौपाल लगा कर सभी महिला पुरुषो को पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की नारी सम्मान योजना के बारे बताया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता अमित दांतरे एव रंजीत गुर्जर भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह ने कहा हमारे नेता पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने प्रदेश में फैली मंहगाई की मार को कम करने के लिए आमजनता को राहत देने के लिए नारी सम्मान योजना की शुरुवात की है, जिसमे प्रति महिला को प्रति माह 1500 रू देने का पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ ने वादा किया है,कि कांग्रेस की सरकार प्रदेश में बनने पर दिए जाएंगे । इसके साथ ही 500 रु में सिलेंडर, किसान ऋण माफी, कर्मचारियों को पुनः पेंशन बहाल का वचन हमारे नेता पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने दिया है। इसके साथ ही कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री कुशवाह ने दोनो ग्रामों में नारी सम्मान योजना के स्टीकर द्वार- द्वार चिपकाए और लोगो को कांग्रेस की योजनाओं व नीति रीति के बारे में बताया। नारी सम्मान योजना में मिल रहे समर्थन से कांग्रेस को नई ऊर्जा मिली है। इसीक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमित दांतरे ने भी आमजन में अपनी बात रखते हुए कहा कांग्रेस पार्टी जो कहती है,वो करती हैं कांग्रेस की नीति व रीति दोनो स्पष्ट है,जबकि भारतीय जनता पार्टी केवल घोषणा के सिवाय कुछ नही करती हैं,जिससे आप और हम भलीभाती परिचित हैं,अपने विचार रखते हुए वरिष्ठ नेता रंजीत गुर्जर ने कहा भारतीय जनता पार्टी किसानों के साथ भी छलावा करने का काम कर रही है किसानों की आय दुगना करने का वादा किए कई पंचवर्षीय गुजर गई पर क्या किसानों की आय दुगनी हुई ? नही हुई,कांग्रेस शासन में खाद बीज के दाम देख लीजिए और आज क्या हालत है आप हम सब जानते हैं,उपस्थित आमजन ने दोनो हाथ उठा कर कांग्रेस का साथ देने की बात कही इस मौके पर जिला महासचिव विपिन बघेल,सेक्टर अध्यक्ष प्रदीप बघेल,रामकेश बघेल, राजवीर बघेल,अमित कुशवाहा इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# सुशील भायल ने 35 वां जन्म दिवस 97 वां रक्तदान कर के मनाया




**पुष्पांजलि टुडे - रिपोर्टर खंगारराम मुलेवा**

आदमी को जब रक्त की जरूरत महसूस होती है तो यहां से वहां भागने लगता है ,मगर वो भूल जाता है कि जिस हीरे की तलाश में वो भागदौ? कर रहा है उस हीरे की पूरी खान तो उसके पास ही मौजूद है । मगर वह यह देखना नही चाहता,उसे तो बना बनाया चाहिए ।खुद सक्षम होते हुए भी रक्तदान नही करना चाहता फिर रक्त उसे कहा से मिलेगा अगर आप रक्तदान करने में सक्षम है तो रक्तदान करे अगर हर मनुष्य ऐसा विचार करने लगे और रक्तदान को अपने जीवन मे बस 3 महीने, 6 महीने या 12 महीने में रक्तदान करना ही नियम धारण कर ले फिर देखे कभी रक्त की कमी महसूस नही होगी जहां भी जरूरत होगी सामने से रक्त मुहैया कराया जाएगा । अगर आप रक्त यूनिट चाहते है तो उसके बदले आप रक्त दान अवश्य करे आइये मिलकर आगे ब? आप ओर हम सभी रक्तदान करे । पाली जिले के धनला गांव से सुशील भायल ने अपना जन्म दिवस हर साल रक्तदान करके मनाता है उनको बहुत अच्छा लगता है । सीरवी समाज में सुशील भायल एक रक्तयोदा के नाम से जाने जाते है । इस बार सुशील भायल ने मनुष्य जन्म को सफल बनाने के लिए अपनी

# कांग्रेस के सभी नेता एकजुट होकर काम कर रहे हैं खिजर कुरैशी

## प्रेस कांफ्रेंस में गलती से निकली बात का कुरैशी ने किया खंडन



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । आज प्रेस कांफ्रेंस में अपने कनफ्यूजन में अपने दिए गए बयान का मप्र प्रदेश उपाध्यक्ष खिजर मोहम्मद कुरैशी ने खंडन करते हुए कहा कि कांग्रेस एक जुटता से साथ चुनाव लड़ कर सरकार बनाएगी,श्री कुरैशी ने कहा कि कांफ्रेंस में दिमाग में राजा दिग्विजय सिंह थे,उसी समय प्रेस के साथियों ने सवाल किया की लहार से सांसद प्रज्ञा सिंह चुनाव लडेगी,चूकी श्री कमलनाथ और श्री दिग्विजय सभी एकता के साथ सरकार बना रहे है, प्रज्ञा सिंह व शिवराज सिंह कोई भी लहार से लडले डॉ.गोविंद सिंह के सामने हारना पड़ेगा ,गलती से प्रेस कांफ्रेंस में राजा साहब का नाम निकल गया,हाल ही सुधार कर पत्रकार साथियों को बता दिया था शिवराज सिंह लहार से लड़ें तो हारेगे पीसी में ही सुधार कर दिया था । पूर्व मुख्यमंत्री राजा दिग्विजय सिंह जी हमारे नेता थे,नेता है और जिंदगी भर वो हमारे नेता रहेंगे । श्री कुरैशी ने कहा कि कुछ लोग मेरी बात को गलत ढंग से प्रस्तुत कर रहे हैं,इसलिए मैं पुनः खंडन दे रहा हू।

## वोपारी ग्राम आईमाता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा-महोत्सव

# अच्छे कर्मों से जीवन का उद्धार : संत कृपाराम



**पुष्पाजंली टुडे / नारायणलाल सेंणचा**

**पाली ।** ग्राम वोपारी में नवनिर्मित आईमाता मंदिर वडेर की प्राण प्रतिष्ठा-महोत्सव के छठे दिन कई अनुष्ठान हुए। महोत्सव के तहत रविवार को आचार्य पं किशनचन्द्र ओझा के आचार्यत्व में आयोजित यज्ञ में मुख्य यजमान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सपत्नीक आहुतियां दी । पंडाल में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथा वाचक संत कृपाराम ने कहा कि मनुष्य जैसा कर्म करेगा वैसा फल पाएगा। हर मानव को कर्म का फल भोगना ही प?ेगा। इसलिए मानव मात्र को हमेशा अच्छे कर्म कर मनुष्य जीवन का उद्धार करना चाहिए। परमात्मा को भजने वाला परमात्मा का हो जाता है। संतों की महिमा का गुणगान करते हुए बताया कि संत तपस्या के बल से महकता है। संतों का लगाव भगवान से होता है। जो हरि को भजता है वह हरि का हो जाता है। संत ने कृष्ण व दुर्योधन के बीच युद्ध का वर्णन किया। संत कृपाराम ने विदुरानी द्वारा श्रीकृष्ण को केले के छिलके खिलाने वाले प्रसंग को सुनाते हुए कहा कि भगवान छप्पन भोग के भूखे नहीं है, अगर प्रेम से एक पुष्प भी अर्पण कर दे तो वह भी उन्हें स्वीकार है। यदि धन-दौलत देखते तो भगवान श्रीराम कभी भी आदिवासियों व शबरी की कुटिया में कभी नहीं जाते। रात्रि जागरण कार्यक्रम में समाज बंधुओ ने चढ़ावे की बोलियां भी लगाई गई।

# अपना इम्प्लॉई क्लब, भारत द्वारा डीजीपी उत्तर प्रदेश, श्री विजय कुमार को किया गया सम्मानित

## वरिष्ठ आईपीएस, सतीश कुमार माथुर, डीजी को भी किया गया सम्मानित

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर पुष्पांजलि टुडे**

लखनऊ/अपना इम्प्लाई क्लब,भारत द्वारा उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त डीजीपी श्री विजय कुमार जी को उनके कार्यालय में सम्मानित किया गया। क्लब के एक प्रतिनिधि मंडल ने डीजीपी कार्यालय जाकर उनको सम्मानित किया, जिसमें जय सिंह,आईआएस, ई0 सत्यप्रकाश, ई0 हिमांशु, हरेंद्र चौधरी, मुकेश मानव, अंशु दिवाकर, सुरेंद्र दिवाकर, दिनेश कुमार सहित दर्जनों अधिकारी उपस्थित रहे।झांसी के रहने वाले विजय कुमार ने सिविल इंजीनियरिंग में क्क्जद्गष्द्ध की पढ़ाई की है. आईपीएस बने तो बतौर स्क्कपहली पोस्टिंग नवंबर 1989 से नवंबर 1990 तक शाहजहांपुर में रहे. इसके बाद गोरखपुर में एसपी रहे. इस जिम?मेदारी पर विजय कुमार नैनीताल और बरेली में तैनात किए गए. ट्रेनिंग का कार्यकाल खत्म हुआ तो बतौर



कप्तान विजय कुमार की पहली तैनाती पीलीभीत में हुई. पीलीभीत के बाद विजय कुमार बांदा, महाराजगंज और मुजफ्फरनगर के एसपी रहे. लगभग सवा दो साल गोरखपुर के स्क्कभी रहे. जनवरी 2000 से मई 2002 तक गोरखपुर के एसएसपी भी रहे. गोरखपुर के साथ-साथ इलाहाबाद और लखनऊ एसएसपी विजय कुमार डीआईजी बने. इसके बाद डीआईजी इलाहाबाद रेंज, जीआरपी मेरठ और डीआईजी आजमगढ़, आगरा और गोरखपुर जोन की जिम्मेदारी संभाली. अगस्त 2022 में विजय कुमार को डीजी सीबीसीआईडी और डीएस चौहान के रिटायरमेंट के बाद डीजी विजिलेंस का चार्ज दिया गया हैं. साथ ही डीजी सतीश कुमार माथुर जी को भी अपना इम्प्लॉई क्लब द्वारा सम्मानित कर बधाई दी गई। वर्तमान में सतीश कुमार माथुर मानवाधिकार विभाग के मुखिया के तौर पर कार्यरत है।

# अपना इम्प्लॉई क्लब, भारत द्वारा डीजीपी उत्तर प्रदेश, श्री विजय कुमार को किया गया सम्मानित

## वरिष्ठ आईपीएस, सतीश कुमार माथुर, डीजी को भी किया गया सम्मानित

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर पुष्पांजलि टुडे**

**लखनऊ/**अपना इम्प्लाई क्लब,भारत द्वारा उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त डीजीपी श्री विजय कुमार जी को उनके कार्यालय में सम्मानित किया गया। क्लब के एक प्रतिनिधि मंडल ने डीजीपी कार्यालय जाकर उनको सम्मानित किया, जिसमें जय सिंह,आईआएस, ई0 सत्यप्रकाश, ई0 हिमांशु, हरेंद्र चौधरी, मुकेश मानव, अंशु दिवाकर, सुरेंद्र दिवाकर, दिनेश कुमार सहित दर्जनों अधिकारी उपस्थित रहे।झांसी के रहने वाले विजय कुमार ने सिविल इंजीनियरिंग में क्क्नद्गष्द्ध की पढ़ाई की है. आईपीएस बने तो बतौर स्क्कपहली पोस्टिंग नवंबर 1989 से नवंबर 1990 तक शाहजहांपुर में रहे. इसके बाद गोरखपुर में एसपी रहे. इस जिम्मेदारी पर विजय कुमार नैनीताल और बरेली में तैनात किए गए. ट्रेनिंग का कार्यकाल खत्म हुआ तो बतौर



कप्तान विजय कुमार की पहली तैनाती पीलीभीत में हुई. पीलीभीत के बाद विजय कुमार बांदा, महाराजगंज और मुजफ्फरनगर के एसपी रहे. लगभग सवा दो साल गोरखपुर के स्क्क भी रहे. जनवरी 2000 से मई 2002 तक गोरखपुर के एसएसपी भी रहे. गोरखपुर के साथ-साथ इलाहाबाद और लखनऊ एसएसपी विजय कुमार डीआईजी बने. इसके बाद डीआईजी इलाहाबाद रेंज, जीआरपी मेरठ और डीआईजी आजमगढ़, आगरा और गोरखपुर जोन की जिम्मेदारी संभाली. अगस्त 2022 में विजय कुमार को डीजी सीबीसीआईडी और डीएस चौहान के रिटायरमेंट के बाद डीजी विजिलेंस का चार्ज दिया गया हैं. साथ ही डीजी सतीश कुमार माथुर जी को भी अपना इम्प्लॉई क्लब द्वारा सम्मानित कर बधाई दी गई। वर्तमान में सतीश कुमार माथुर मानवाधिकार विभाग के मुखिया के तौर पर कार्यरत है।

# नेहरू पार्क मार्निंग वॉक समिति के सदस्य शिवकुमार उपाध्याय के सब इंस्पेक्टर के पद से सेवा निवृत्त होने पर किया गया सम्मान





**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** सेवानिवृत्ति एक ऐसा अवसर है जहाँ व्यक्ति को बोलने के लिए शब्दों की कमी प? जाती है क्योंकि उस समय मन में मिश्रित भावनाएं उम?ती है। उस समय दोनों ?ुशी के पल और दुखद क्षण व्यक्ति की आँखों के सामने छा जाते हैं। दमोह के नेहरू पार्क मार्निंग वॉक समिति के सदस्यों के द्वारा स्थानीय नेहरू पार्क में श्री शिव कुमार उपाध्याय का दमोह पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर के पद पर सेवानिवृत्त होने पर स्थानीय नेहरू पार्क में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान समिति सदस्यों ने बताया कि दमोह पुलिस विभाग में आज से 13 साल पहले सागर से दमोह आये शिव कुमार उपाध्याय ने जिस तरह पुलिस विभाग में रहकर सादगी पूर्ण तरीके से कार्य किया है वह अविस्मरणीय है। समिति सदस्यों ने बताया कि सब इंस्पेक्टर उपाध्याय ने हमेशा ही पीड़ति व्यक्तियों की मदद कर उचित मार्गदर्शन किया है। उपाध्याय जैसे अधिकारी सौभाग्य से मिलते हैं। और यह दमोह का सौभाग्य है कि उपाध्याय दमोह के लिए मिलें। समिति सदस्यों ने बताया कि लगभग 13 साल ही उपाध्याय जी को नेहरू पार्क में प्रातः भ्रमण का भी समय हो गया है उनसे एक आत्मिक लगाव सदस्यों का हो गया और वह हमारे परिवार के सदस्यों की तरह है। दमोह पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर के पद से सेवानिवृत्त होने पर दमोह के नेहरू पार्क में समिति के सभी सदस्यों ने उपाध्याय का साल श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समापन समारोह कार्यक्रम का आभार सेवा निवृत्त सब इंस्पेक्टर शिव कुमार उपाध्याय ने व्यक्त करते हुए कहा है कि जब में दमोह आया तब कहां जा रहा था कि दमोह का माहौल ठीक नही है लेकिन मैंने पदभार ग्रहण कर जब दमोह की नब्ज को ठठौला तो वास्तव में दमोह नारियल के समान बाहर से कठोर और अंदर से नरम है। मुझे 13 साल के दमोह कार्यकाल मेरे पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और साथी कर्मचारियों से जितना प्यार और सहयोग मिला उतना ही दमोह के आमजन ने मुझे अपार प्रेम दिया है। वास्तव में दमोह में जितना प्यार मिलता है उतना प्यार कहीं नहीं मिल सकता। दमोह में शानदार वातावरण है। फिट रहने के लिए मार्निंग वॉक करना जरूरी रहता है। तो मैंने दमोह के नेहरू पार्क में सुबह से योग और घूमना प्रारंभ किया और इस दौरान पार्क में सभी से मेरे आत्मीय संबंध हो गए। सम्मान समारोह में भी जो प्यार मिला है तो में तो अपने हर एक सह पाठी से कहूंगा कि दमोह सबसे बढ़िया क्षेत्र है। यहां पर जो प्यार मिलता है और मुझे मिला है वह अविस्मरणीय है। इतना प्यार देने के लिए नेहरू पार्क मार्निंग वॉक समिति के सभी सदस्यों का में आभार व्यक्त करता हूं साथ इस प्यार का सदा ऋ्षी रहूंगा।

## स्मार्ट गांव पड़रिया थोवन के बच्चों ने किया रानी दुर्गावती अभ्यारण्य का भ्रमण



**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** स्मार्ट गांव पड़रिया थोवन के बच्चे सुबह-सुबह अभ्यारण्य पहुंचे,जहां उन्होंने प्रकृति का आनंद लिया।सिंगौरगढ़ तालाब की सुंदरता को निहारा,मोर,मगरमच्छ एवं अन्य वन्य प्राणियों को देखकर बच्चे काफी रोमांचित हुए।स्मार्ट गांव के वॉलिंटियर्स के द्वारा सभी बच्चों को अनेक खेल गीत संगीत एवं नृत्य कराया गया ,वही सिंगौरगढ़ किले एवं आसपास की जगह का भ्रमण कर बच्चे काफी खुश नजर आए साथ ही वन विभाग के वनपाल लईक शहजाद एवं अनिल ठाकुर के द्वारा बच्चों को मिशन लाइफ के अंतर्गत जागरूक किया गया एवं पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए शपथ भी दिलाई गई।इस दौरान बच्चों के साथ अनुज बाजपेई ,विनोद बाजपेई, अजय बाजपेई ,रिया पांडे, अंशुल बाजपेई, अर्पित, सीएम जनसेवा मित्र रुचिता बाजपेई, लालू बाजपेई,ललित, प्रिया पांडे,स्वाति बाजपेई,पुनीत,हर्ष,युवराज, बृजेश बर्मन सहित गांव के सभी बच्चे मौजूद रहे।

## सतधरू परियोजना में घर घर पानी पहुंचने पर ग्रामीणों ने किया पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया का सम्मान

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। मध्यप्रदेश शासन के पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया का दमोह विधानसभा में दौरा कार्यक्रम निरंतर जारी है उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना एवं तत्काल निराकरण कराया। उसके बाद ग्राम बिसनाखेडी में माँ सतधारू परियोजना के माध्यम से घर-घर पानी पहुंचने पर बिसनाखेड़ी के लोगों ने पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया का सम्मान किया। तलागाव लखनाखेड़ी , इमलियानायक में भी मलैया पहुंचे। ग्रामीणजनों के द्वारा आयोजित सम्मान कार्यक्रम में पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि घर में सुविधा के सभी साधन होने के बाद भी पानी के बिना मेहनत बेकार है। पानी अति आवश्यक है, इसलिए हमें पानी का व्यर्थ बर्बाद नहीं करना चाहिए। इस दौरान उनके साथ सरपंच इमलियाघाट अजय सिंह लोधी, भाजपा के मंडल अध्यक्ष डालचंद कुशवाहा, महामंत्री दानसिह, पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजकुमार जैन, एडवोकेट दिलीप सिंह, सरपंच इंद्रपाल सिंह, टेक सिंह, राजेश सिंह, भगुंत सिंह, दरियाव सिंह, सुल्तान सिंह और भाजपा के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता सम्मिलित रहे।



## पंडित मनु मिश्रा वार्ड वार्ड जाकर भरवा रहें नारी सम्मान योजना के फार्म



**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** नारी सम्मान योजना का कार्यक्रम जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पंडित मनु मिश्रा के निर्देशन में शहर के समस्त वार्ड में लगातार जारी है इसी कड़ी में आज का कार्यक्रम पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष तेजीराम रोहित एवं पूर्व पार्षद मुकेश रोहित के सहयोग से बजरिया नंबर 8 में किया गया तथा दूसरा आयोजन नया नंबर 3 में जिला शहर उपाध्यक्ष अधिवक्ता रामअवतार बाल्मीकि के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में पहुंचकर महिलाओं ने रुचि दिखाते हुए नारी सम्मान योजना के संबंध में जानकारी ली। जिला शहर अध्यक्ष मनु मिश्रा ने बताया कि यह घोषणा नहीं कमलनाथ जी का वचन है प्रत्येक महिला को 1500 रूपये प्रति माह दिए जाएंगे एवं 500 रूपये में गैस सिलेंडर मिलेगा। कमलनाथ जी नारी सम्मान के प्रति प्रतिबद्ध हैं और कांग्रेस की सरकार आते ही इस योजना को लागू किया जाएगा। अधिक से अधिक संख्या में महिला नारी सम्मान योजना के फॉर्म भरवाए। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष तेजी राम रोहित, प्रभारी नितिन मिश्रा ने कहा की कमलनाथ जी ने महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह गैस सिलेंडर 500 रूपये, पुरानी पेंशन बहाल करने, किसानों का ऋ्षा माफ करने, 100 यूनिट तक बिजली का बिल माफ, 200 यूनिट तक हाफ करने योजना लाई है, सभी को कांग्रेस की सरकार लाने के लिए संकल्प लेकर प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में समीम कुरैशी, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार कछवाहा, अधिवक्ता रामअवतार बाल्मीकि, मुकेश रोहित ने भी महिलाओं को सहयोग कर फार्म भरवाए और सहभागिता की।

## वरिष्ठ चिकित्सक डॉ डी एम संगतानी को 'प्राइड ऑफ मध्यप्रदेश' अवॉर्ड से मीडिया परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा दिया गया

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** मध्यप्रदेश की प्रतिष्ठित प्रतिभाओं को भोपाल के मिंटो हाल में मीडिया परिवार द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में प्रदेश के प्रतिष्ठित व्यकियो को जिन्होंने प्रदेश में अपने नाम के साथ जिले व अपने कार्य क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर मध्यप्रदेश की उन्नति में विशेष योगदान दिया देकर जिले को गौरवांवित किया ऐसे प्रतिष्ठित नागरिकों का मीडिया परिवार दैनिक भास्कर समाचार पत्र समूह द्वारा ÷प्राइड ऑफ मध्यप्रदेश÷ अवॉर्ड से सम्मानित किया जिसमें दमोह जिले से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ डी एम संगतानी को प्रदेश की राजधानी भोपाल के मिंटो हॉल



कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा पुरस्कार दिया गया। यह सम्मान उन लोगों को दिया गया जिन्होंने अपना एक मुकाम बनाया और जिले व प्रदेश का नाम रौशन किया है। प्रतिष्ठित ÷प्राइड ऑफ मध्यप्रदेश÷ अवॉर्ड्के लिए प्रदेश के प्रमुख प्रतिभाओं क यह पुरस्कार दिया गया। उन्ही में से नाम आता है दमोह से वरिष्ठ चिकित्सक जिन्होंने अपनी आधी उम्र लोगों की स्वास्थ्य से संबंधित सेवाओं में गुजार दी फिर चाहे शासकीय चिकित्सक होने के नाते जिला अस्पताल में या फिर शासकीय सेवाओं से रिटायरमेंट के बाद कि जाने वाली समाज सेवा जो आज दूसरों के लिए न?ीर साबित हो रही इसके लिए समाचार पत्र दैनिक भास्कर समूह ने यह अवॉर्ड देकर ना सिर्फ सम्मानित किया बल्कि खुद भी गौरवान्वित महसूस किया।

## अखिल भारतीय कुशवाहा युवा महासभा कि बैठक संपन्न

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। रविवार को कुशवाहा समाज कि बैठक मुश्किबाबा मंदिर,सम्राट अशोक भवन दमोह में आयोजित कि गई जिसमें अखिल भारतीय कुशवाहा युवा महासभा के प्रदेश युवा अध्यक्ष श्री चंद्रशेखर पटेल जबलपुर, कुशवाहा समाज संगठन दमोह के जिला अध्यक्ष भगवान दास कुशवाहा , प्रदेश महामंत्री युवा शिवशंकर कुशवाहा दमोह, पूर्व अध्यक्ष गोविन्द राम कुशवाहा सरपंच गवारी, डालचंद कुशवाहा, अध्यक्ष लव कुश सेना,रामेश्वर कुशवाहा सरपंच बोरी खुर्द, तुलसी राम कुशवाहा पूर्व सरपंच कानोरा, के अतिथ्य मै आयोजित हुई,



बैठक मै कुशवाहा समाज के अधिकारों, राजनैतिक हिस्सेदारी के लिये कुशवाहा समाज का भोपाल मै कुशवाहा महाकुम्भ का आयोजन 25 जून 2023 कों आयोजित किया जा रहा हैं, पुरे प्रदेश से 2लाख कुशवाहा समाज के लोग उस कार्यक्रम मै उपस्थित होंगे, उसी कार्यक्रम के संदर्भ मै अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर पटेल जबलपुर के द्वारा बैठक मै कार्यक्रम में ब? च?कर पहुंचाने का कार्य सभी कों सौंपा गया, जिला अध्यक्ष भगवान दास कुशवाहा ने सामजिक में फैली कुरुतियों कों समाप्त करना हैं, समाज से हर घर में शिक्षा का स्तर सुधारने कों कहा गया,प्रदेश महामंत्री शिवशंकर कुशवाहा ने समाज से आग्रह किया हैं दमोह के सभी ब्लॉक से अपने अपने वाहनों, ट्रैन, बसों से अधिक से अधिक संख्या मै पहुंचने कों कहाँ गया, सभी ब्लॉको मै बैठक कर जिम्मेदारी के साथ जाने वाले समाज के व्यक्तियों कि प्रभारी बस सूची तैयार करने कों कहा गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुशवाहा, पूर्व युवा जिला अध्यक्ष राजेश कुशवाहा, मोती कुशवाहा, अर्जुन कुशवाहा, महेन्द्र कुशवाहा, वीरू कुशवाहा, उमेश कुशवाहा,कमलेश कुशवाहा, लक्ष्मी कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, राहुल पटेल, आदि कुशवाहा समाज के लोग उपस्थिति रहीं।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के लिए स्वीप गतिविधियां

### आयोजित की जायें-कलेक्टर मयंक अग्रवाल

**पुष्पांजली टुडे**

दमोह।भारत निर्वाचन आयोज द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने स्वीप गतिविधियों से जुड़े अधिकारियों से कहा है आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 को दृष्टिगत रखते हुए, जिन मतदान केन्द्रों में विधानसभा निर्वाचन 2018 के दौरान मतदान का प्रतिशत कम रहा है, ऐसे मतदान केन्द्रों पर मतदान प्रतिशत बड़ाये जाने के लिए स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं/विद्यालय के छात्र-छात्राओं/ आंगनबाड़ी कार्यकताओं/ सहायिका/ पटवारी/ग्राम कोटवार के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये, ताकि आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 में मतदान का प्रतिशत अधिक से अधिक हो सके। उन्होंने ने कहा विधानसभा निर्वाचन-2018 के दौरान हुए मतदान की टर्न-आउट रिपार्ट भेजी गई है। जहां मतदान का प्रतिशत 70 प्रतिशत से कम रहा, ऐसे मतदान केन्द्रों पर स्वीप गतिविधियां महाविद्यालय/विद्यालय के छात्र-छात्राओं/ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं/ सहायिका/ पटवारी/ ग्राम कोटवार/ वार्ड मोर्हर आदि के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर व्यापक प्रचार-प्रसार करना एवं गतिविधियों के फोटोग्राफ्स कार्यालय की पर भिजवाना सुनिश्चित की जाये।

## मिशन लाईफ के तहत वनमंडल दमोह अंतर्गत वन क्षेत्रों में पशुपक्षियों एवं वन्यप्राणियों के लिये पेयजल की व्यवस्था अभियान जारी

दमोह.. जिले में पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली मिशन लाइफ अभियान के अंतर्गत इन दिनों वन विभाग द्वारा वन्यप्राणियों एवं पशु पक्षियों के लिये पेय जल की व्यवस्था अभियान की अगुवाई करते हुये वनमंडल अधिकारी दमोह महेन्द्र सिंह उईके, उप वन मंडल अधिकारी दमोह आर.सी. चौबे, उप वन मंडल अधिकारी तेन्दूखेड़ा रेखा पटैल एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी तेन्दूखेड़ा मेघा पटैल एवं वन स्टाफ तेन्दूखेड़ा द्वारा वन्यप्राणी हमारे राष्ट की धरोहर है इनके संरक्षण एवं सवर्धन में सहयोग करें. अभियान चलाया गया. जिसके तहत वनमंडल अंतर्गत वन क्षेत्रों में जगह-जगह वृक्षों में सकोरा बांधकर पक्षियों के लिये पानी एवं दाना की




व्यस्था की गई तथा वन्यप्राणियों की पेयजल व्यवस्था हेतु पहले से निर्मित सोसर की साफ-सफाई कराकर टेंकरों से पानी भरवाया गया. इस प्रकार मिशन लाईफ अंतर्गत वन्यप्राणियों के संरक्षण के लिये वनमंडल दमोह सामान्य अंतर्गत वन परिक्षेत्र दमोह, वन परिक्षेत्र हटा, वन परिक्षेत्र सगौनी, वन परिक्षेत्र सिंग्रामपुर, वन परिक्षेत्र तेजगड़, वन परिक्षेत्र झलौन, वन परिक्षेत्र तेन्दूखेड़ा, वन परिक्षेत्र तारादेही एवं गेम परिक्षेत्र सिंगौरगड़ में विभिन्न कार्य किये जा रहे है. इसके साथ ही दमोह वनमंडल अंतर्गत समस्त वन परिक्षेत्रों में मिशन लाइफ अभियान अंतर्गत 22 मई 2023 को अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस मनाया गया, जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियों में बड़-चड़कर भाग लिया तथा पर्यावरण जीवन शैली की शपथ ली

## गिर्राज धरण मंदिर पर छप्पन भोग और संगीतमय सुन्दरकाण्ड के साथ कन्या भोज का किया आयोजन



**गल्ला व्यवसाई राजेश बेडर (गुप्ता ) कमराई वाले ने कराया आयोजन**

दिनारा / दिनारा कस्बे सहित क्षेत्र की आस्था का केंद्र गिर्राज धरण मंदिर दिनारा पर गल्ला व्यवसाई राजेश बेडर कमराई वाले दिनारा द्वारा संगीतमय सुन्दरकाण्ड कराने के साथ गिर्राज धरण को छप्पन भोग अर्पण किया गया एवं कन्या व सगे संबंधियों,ईष्ट मित्रो का भोज कराया गया और परिक्रमा मे शामिल भक्तो को नमकीन चना व छप्पन भोग की प्रसादी वितरित की गयी । गिर्राज धरण मंदिर के महंत रामदास महाराज ने बताया की वर्ष 2007 से माह की प्रत्येक पूर्णिमा को भक्तो द्वारा 4 किलो मीटर की परिक्रमा ढोल के साथ की जाती है । हर पूर्णिमा को भक्ति द्वारा छप्पन भोग लगवाया जाता ।

# ध्यान, प्राणायाम, योग कार्यक्रम का आयोजन

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद्, शाखा भिंड एवं म. प्र. प्रदेश जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय ध्यान, प्राणायाम, योग शिविर का दिनांक 05 जून 23 सोमवार को शाम 06 बजे, बिहारी पार्क, गौरी का किनारे, भिंड पर आयोजन किया जा रहा है।कार्यक्रम के संयोजक एवं भा.वि.प. के संरक्षक डॉ.विनोद सक्सेना ने बताया कि एकात्म अभियान कार्यक्रम अंतर्गत ध्यान, योग प्राणायाम कार्यक्रम का 05, 06, 07 जून को शाम 06 बजे से 07 बजे तक एक घंटे का तीन दिवसीय आयोजन होगा, जिसमे श्री रामचंद्र मिशन हार्टफूलनेस संस्थान, कान्हा शांति वनम हैदराबाद से आये प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा।इस अवसर पर सभी सामाजिक संस्थाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, आमजन को सहभागीता कर सार्थक करने में बहुमूल्य सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

# मन को आनंद से भर देता है प्रतिभाओं का सम्मानः प्रो.अली

## पौधे, शील्ड व प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती। दूरदराज, छोटे-छोटे स्थानों पर निवासरत हो या बड़े शहरों में प्रतिभाशाली वह अपनी मंजिल पर पहुंच ही जाते है। अभी हाल ही में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के परीक्षा परिणाम में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले सभी छात्र-छात्राएं हमेशा आगे बढ़ते रहेगें। उक्त उद्गार मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुए स्थानीय बीटीआई रोड स्थित एक निजी संस्थान में हम फाउंडेशन सिटी शाखा एवं विवेकानंद शाखा द्वारा मेधावी छात्र छात्राओं के प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष प्रोफ़ेसर इकबाल अली ने कही। उन्होंने छात्र छात्राओं को विश्व पर्यावरण दिवस से संबंधित कई जानकारियां भी दी।कार्यक्रम में प्रांतीय संगठन मंत्री शैलेश सक्सेना, जिला महामंत्री विपुल सेठ, दोनों शाखाओं के अध्यक्ष अरविंद सिंह भदोरिया, योगेश शर्मा,सचिव शिवम श्रीवास्तव, देवू श्रीवास्तव,अजीत उपाध्याय आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय संगठन मंत्री शैलेश सक्सेना ने की।सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के प्रतिमा पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।इस अवसर पर शैलेश सक्सेना ने कहा कि आज प्रतियोगिताओं का दौर है हर जगह



बच्चों के अंक देखे जाते हैं। इसलिए सभी बच्चों को यह प्रयास करना चाहिए कि परीक्षा में अच्छे अंक आए उन्होंने कहा कि बच्चों का सम्मान से मनोबल और बढ़ता जा रहा है साथ ही दूसरे बच्चों को इससे सीख मिलती है। इस अवसर पर जिला महामंत्री विपुल सेठ ने कहा कि मेधावी बच्चे रचनात्मक एवं सकारात्मक कार्यों को तरजीह देकर विकास की गति को आगे बढ़ाने में सहयोग करे। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष अरविंद सिंह भदोरिया ने विश्व पर्यावरण दिवस से पूर्व संध्या पर बच्चों को बताया कि हम सभी लोगों को जागरूक होकर एक एक पौधा अवश्य लगाना होगा। उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस के बारे में स्थितियों का ध्यान केंद्रित करने और पृथ्वी के सुरक्षित भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए लोगों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी मेधावी छात्र छात्राओं को शील्ड,पौधा और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन शिवम श्रीवास्तव और आभार योगेश शर्मा ने किया।हम फाउंडेशन सिटी शाखा भिंड एवं विवेकानंद शाखा द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में जिले की प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली तनु कुशवाह कक्षा 10, पांचवा स्थान जिले में सूर्या उपाध्यय कक्षा 12 वी और कक्षा दसवीं में मोनू बघेल ने पांचवा स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। इसी प्रकार सभी छात्र छात्राओं को पौधा देखकर उन्हें सम्मानित किया गया

# कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने तीन बैंकों में पहुंचकर डीबीटी कार्य का अवलोकन किया



ग्वालियर7 मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत पात्र सभी बहनों के खातें में डीबीटी का कार्य दो दिवस में शत-प्रतिशत किया जाए। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने शनिवार को शहर की तीन बैकों में पहुंचकर। महिलाओं के खाते में डीबीटी किये जा रहे कार्य का अवलोकन किया और अवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उनके साथ लीड बैंक अधिकारी ब्रजभान भदौरिया, अपर आयुक्त नगर निगम मुकुल गुप्ता और महिला बाल विकास अधिकारी राहुल पाठक जी उपस्थित थे। कलेक्टर अक्षय सिंह ने सेन्ट्रल बैक जयेन्द्र गंज, बैंक ऑफ इंडिया शिंदे की छावनी और स्टेट बैंक तानसेन रो? पहुँचे। उन्होंने बैंकों में महिलाओं के खाते को डीबीटी करने के कार्य का अवलोकन किया और निर्देश दिए है। कि दो दिन में शेष बचे सभी खातों में डीबीटी का कार्य पूर्ण किया जाए। उल्लेखनीय है कि ग्वालियर जिले में तीन लाख आठ हजार महिलाओं को मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा।

# बिजली विभाग किसी हादसे का कर रहा है इंतजार

संतोष सिंह भदोरिया
दैनिक पुष्पांजलि टुडे न्यूज़

भिंड /गोरमी से पांच किलोमीटर दूर कुटरौली गांव का मजरा पूर्व सरपंच किशन सिंह भदौरिया के पूरा पर बिजली विभाग की लापरवाही के कारण बिजली के ओपन वायर या यूं कहें कि नंगे तार आवास के सामने से मात्र 10 मीटर की दूरी से वह भी दोनों नीम के पेड़ों के बीच से मात्र सात ?ीट की ऊंचाई से गुजरी है जिससे आए दिन जान माल का खतरा बना रहता है और आवाज के लोग डरे और सहमे रहते हैं क्योंकि उनको लगाता है पता नहीं किस पल तार टूट कर उनके सर पर



या मवेशी पर कहीं गिर ना जाए जिसके कारण कोई बड़ा हादसा ना हो जाये इसके बारे में गोरमी बिजली विभाग व कचनाव ?ीटर पर भी कई बार आवेदन दिया जा चुका है द्य इस लाइन को या तो ऊंचा किया जाए या फिर कोई सुरक्षा के इंतजाम किया जाए, या फिर इस लाइन को हटाकर आवास से पीछे होकर जहां पर खाली जगह है वहां से निकाली जाए लेकिन गोरमी बिजली विभाग के कर्मचारियों का लापरवाही का आलम देखो उनके कानों में जूं तक नहीं रेंगी है नाही अभी तक कोई एक्शन लिया गया है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि शायद बिजली विभाग किसी हादसे का इंतजार कर रहा है क्योंकि आवास में बच्चे भी खेलते हैं बड़े बुजुर्ग भी बैठ रहे हैं मवेशी भी नीचे ही रहती है द्य कहीं कुछ अगर हादसा हो जाता है तो उस हादसे का जिम्मेदार कौन होगा

# पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ करें ध्यान : कलेक्टर



दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की उपस्थिति में ग्राम जारी स्तिथ मखई माता मंदिर परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं एकात्म अभियान अंतर्गत ध्यान योग शिविर का आयोजन किया गया। ध्यान योग शिविर में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने कहा कि म.प्र. जन अभियान परिषद के माध्यम से ग्राम-ग्राम में जो ध्यान,शिविर आयोजित हो रहे हैं उक्त शिविरों में पर्यावरण संरक्षण,नशामुक्ति का संदेश भी प्रसारित करें, इससे अभियान की सार्थकता बढ़ जाएगी। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस सहित उपस्थित अन्य अधिकारी एवं समाज सेवियों ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी देवेंद्र सिंह भदौरिया,जिला समन्वयक, जन अभियान परिषद शिवप्रताप सिंह भदौरिया,ब्लॉक समन्वयक मेहगांव जयप्रकाश शर्मा,महाकाली समिति के वरिष्ठ समाजसेवी, चिकित्सक शैलेंद्र परिहार जारी एवं मसूरी के सरपंच,मिशन स्वच्छ की टीम,हार्टफुलनेस के डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर संजीव श्रीवास्तव, समस्त अभ्यासी,नवांकुर संस्था से प्रमोद सिंह,सुरेश शर्मा,मेंटर सुमन भदौरिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, समाजसेवी उपस्थित रहे।

# सोशल मीडिया ही हमारा मुख्य आधार,मोदी सरकार की जन हितेषी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाएं : तरुण

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय प्रदेश नेतृत्व के मिशन 2023 के विधानसभा चुनाव एवं 2024 के लोकसभा चुनाव को दृष्टिकोण रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश भर में चलाए जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुंध, एवं उत्तर प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद गीता शाक्य अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत भिण्ड पहुंचे। जहां भाजपा द्वारा आयोजित संगठनात्मक कार्यक्रमों में शामिल हुए।उनके साथ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष क्षेत्रीय सांसद संध्या राय, प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती, लोकसभा कार्यक्रम प्रभारी संभागी मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष दर्जा कैबिनेट मंत्री प्राप्त शैलेंद्र बरुआ, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी जवाहर प्रजापति,भाजयुमो के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य छत्तीसगढ़ के प्रभारी आलोक डांगस, भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया विशेष रूप से साथ में थे।राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुध,एवं राज्यसभा सांसद गीता शाक्य जून को ग्वालियर सर्किट हाउस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की। शहर के संस्कृति मैरिज गार्डन में लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सोशल मीडिया पर काम कर रहे पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए सोशल मीडिया के कई टिप्सदेकर उन्हें पार्टी की विचारधारा से अवगत कराया। राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुंध ने दोनों जिले के सोशल मीडिया पर काम कर रहे कार्यकर्ताओं को टिप्स एम संवाद करते हुए कहां की सोशल मीडिया कार्यकर्ता अपनी सक्रियता के साथ अपनी सहभागिता की ।सोशल मीडिया विभाग के कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार भाजपा सरकार की



जनहितैषी योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया विभाग का कार्यकर्ता आमजन तक सरकार के विकास कार्यों की जानकारी पहुंचाने में कार्यरत है। इसी क्रम में सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर सक्रिय युवा साथियों के साथ हम दोनों लोकसभा संसदीय क्षेत्र के जिले में लोकसभा पर सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स मीट आयोजित हो करें। सोशल मीडिया ही हमारा मुख्य हथियार और आधार है जो हम अपनी आवाज को सत्ता और संगठन की ताकत को आम जन तक पहुंचा सकते हैं जब हम विचार भाव से काम करेंगे तो निश्चित ही हमारी आवाज समाज के अंतिम छोर व्यक्ति तक पहुंचेगी और जिससे हमारी भारतीय जनता पार्टी की ताकत अधिक बढ़ेगी यही चुनाव जीतने का हमारा मुख्य आधार है। उन्होंने कहा कि यह भिण्ड की भूमि वीर सपूतों की भूमि है जब आतंकवादियों ने हमारे भारतीय सेना के जवानों पर हमला किया तो इसी भूमि से जहां जोड़कर बदला लेने के लिए पुलवामा में पहुंचे और वहां अपने भारतीय सैनिकों का बदला लेकर के न्याय दिलाने का काम किया हमारी यह भूमि वीर सपूतों की भूमि है इस भूमि को मैं प्रणाम करता हूं।भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद गीता शाक्य ने कहा कि लोकतंत्र में, मीडिया राजनीतिक जीवन के लिए मौलिक है। यह हमें उन मुद्दों के बारे में बेहतर जानकारी देने के लिए तथ्य प्रदान करता है जो हमारे लिए मायने रखते हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए आलोचना और बहस प्रदान करता है कि जानकारी का परीक्षण और परीक्षण सभी दृष्टिकोणों से किया जाता है। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया में सोशल मीडिया का महत्व सोशल मीडिया आज की दुनिया का अहम हिस्सा है यह लोगों को जोड़ने रखने और सुरक्षित और सुरक्षित वातावरण में दूसरों के साथ विचारों और विचारों और विचारों को समझा करने में मदद करता है। उन्होंने सोशल योद्धाओं से आव्हान किया की मोदी सरकार की योजनाओं को सोशल मीडिया पर जागृत करते हुए लोगों को नई पहचान स्थापित करें और विरोधियों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए अपनी पूरी ताकत के साथ कार्य करेंगे तो निश्चित ही हमारे संगठन की ताकत अंतिम छोर तक के व्यक्ति तक पहुंचेगी।भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सांसद संध्या राय ने कहा कि कि 9 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने गरीब कल्याण के लिए अनेकों योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य किया है हमारे सोशल मीडिया के कार्यकर्ता इन योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा कर ज्यादा से ज्यादा पोस्ट लोगों तक पहुंचाने का कार्य करें।स्वागत भाषण देवेंद्र सिंह नरवरिया ने देते हुए कहा कि आज के वर्तमान समय में युवाओं को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कार्य करना चाहिए यही हमारा आधार है

# बुराइयां मिटाओ,आनंद बढ़ाओ : सुधीर आचार्य



दैनिक पुष्पांजली टुडे
भिण्ड पहुंची,आनन्द यात्रा

भिण्ड। मध्यप्रदेश राज्य आनंद विभाग भोपाल द्वारा आनंद कार्यक्रमों बढ़ावा देने के लिए आयोजित आनंद यात्रा आठ जिलों से दतिया होते हुए आज भिण्ड पहुंची। यात्रा में संयोजक डॉ सुधीर आचार्य मास्टर ट्रेनर मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान भोपाल एवं सहयात्री अरविन्द मावई, विश्वनाथ गुर्जर और शिशुपाल सिंह तोमर की आगवानी जिला सहायक नोडल अधिकारी संजय सिंह ने की।यात्री दल सर्वप्रथम आनंद गांव कुमरौआ (खादर गऊघाट) पहुंचे। गांव भ्रमण के उपरांत दल ने गांव के बीच में बरगद के पेड़ के नीचे चौपाल लगाई। गांव वासियों से चर्चा करते हुए सुधीर आचार्य ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान ने मध्यप्रदेश के प्रतीक जिले में एक-एक आनंद गांव बनाने का संकल्प लिया है, जिसके अंतर्गत गांव खादर गऊ घाट को यह अवसर मिला है। सुधीर आचार्य ने गांव वासियों के अनुभव सुनते समझते हुए कहा कि जिस प्रकार घर परिवार की खुशी एकजुटता में है हिल मिलकर रहने में है एक दूसरे की खुशी का ध्यान रखने में है इसी भाव को बढ़ाने की जरूरत है। जब व्यक्ति स्वयं के द्वारा किए गए कार्य, व्यवहार और आचरण का स्वयं निष्पक्ष जांच करता है और स्वयं को जांचने परखने, समझने के बाद जो व्यवहार करता है वह आनन्द की ओर ले जाता है। सही मायने में आनन्द गाड़ी,बंगला, वातानुकूलित कमरों और मोटे मोटे गद्दों में नहीं है, यह सब चीजें कुछ देर का आराम या कुछ समय का सुख दे सकती है लेकिन आनंद नहीं, आनंद पाने के लिए हमें अपने मन से सभी तरह के भेदभाव मिटाने होंगे। सभी तरह की बुराइयां एवं भेद मिटाकर, आनंद बढ़ाया जा सकता है। इसलिए उठो,जागो और बुराइयां मिटाओ आनंद बढ़ाओ। इस अवसर पर ग्रामीणों ने भी अपने अपने अनुभव और गांव की विभिन्न समस्याओं को रखा और गांव में बढ़ती जा रही नशाखोरी,भेदभाव को कम करने के लिए एकजुट होने की बात कही। आनंद यात्रा टीम के अरविंद मावई और विश्वनाथ गुर्जर ने अपने जीवन परिवर्तन की कहानी साझा की ।चौपाल चर्चा का संचालन आनन्दक प्रशांत भदौरिया ने किया। इससे सरपंच श्रीमती रंजना जसवंत सिंह और सचिव श्रीमती अनुराधा शर्मा ने सभी ग्रामीणों और आनंद यात्रा दल के अतिथियों का स्वागत किया।इसके उपरांत आनंद टीम जिला पंचायत कार्यालय पहुंची। जहां नगर के समाजसेवियों और विभिन्न विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के साथ अल्पविराम आनंद परिचय कार्यक्रम हुआ। जिसमें डिप्टी कलेक्टर पराग जैन ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि जिंदगी भर जिस दौलत को जुटाने में लगे रहते हैं उसी दौलत के लिए बच्चे झगड़ते हैं बंटवारे के लिए एक दूसरे के दुश्मन हो जाते हैं तो इस दिशा में सोचना चाहिए। इस अवसर पर डिप्टी जिला पंचायत सीईओ खरे,मध्यप्रदेश जन अभियान के जिला समन्वय शिव प्रताप सिंह भदोरिया ने कविता द्वारा अपने भाव प्रकट किए। इस अवसर पर आनंद सहयोगी चंद्रकांत बोहरे, सुनील (योगा टीचर)जितेंद्र सिंह, मुररी सिंह ,समरजीत सिंह ,प्रमोद सिंह, राजेश थापक,शैलेश त्रिपाठी ,प्रमोद परिहार, विवक परिहार,अंजू राजवात, रामवीर परिहार पीयूष यादव ,शाहिद खान, मानसी मौर्य, रीमा मौर्य, हरिओम प्रजापति,संगीता ओझा ,अनुज गुप्ता ,रचना भदौरिया,आदि आनंद उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री केजरीवाल एवं मुख्यमंत्री भगवंत मान की रैली की तैयारी को लेकर आम आदमी पार्टी की बैठक हुई

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। आम आदमी पार्टी जिला कार्यालय पर भिण्ड विधानसभा की मीटिंग आयोजित हुई जिसमें डॉ. संदीप पाठक (राष्ट्रीय संगठन मंत्री, राज्यसभा सांसद) ने वीडियो के माध्यम से सभी पधाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के बीच 25 जून को पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल और पंजाब मुख्यमंत्री भगवंत मान की



ग्वालियर में होने वाली महारैली की तैयारियों को लेकर दिशा निर्देश दिए। जिसके बाद जिलाध्यक्ष अरविन्द जोशी ने सभी पधाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को आम जनता से डोर टू डोर संपर्क करके ग्वालियर में होने वाली महारैली के आमंत्रण पत्र देने के लिए विधानसभा लेवल पर टीम बनाई गई। आम आदमी पार्टी के पधाधिकारी एवं कार्यकर्ता हर गांव हर वार्ड में जाकर जन संवाद कार्यक्रम आयोजित करेगें जिसमें भाजपा कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के कार्यों का अंतर स्पष्ट करके जनता के बीच अपनी बात रखेंगे।पार्टी ने महारैली में एक लाख लोगों को एकत्रित करने का लक्ष्य रखा है। उपरोक्त जानकारी आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अरविन्द जोशी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में दी।

# मंत्री डॉ. भदौरिया पेटी कांट्रेक्ट पर चला रहे हैं,अटेर विधानसभा :मनोज देपुरिया

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। जिला में पांच विधानसभा है जिसमे अटेर आज भी सबसे पिछड़ी विधानसाभा क्षेत्र में आती है। जबकि भाजपा पिछले लगभग 19 सालो से काबिज है। जबकि क्षेत्र के जनप्रतिनिधि मंत्री अरविंद भदौरिया की प्रदेश के दिग्गज मंत्रियों में गिनती होती हैं। जगदीश मैरिज गार्डन में आयोजित प्रेसवार्ता में ये आरोप कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष मनोज देपुरिया ने लगाए। इस दौरान प्रेसवार्ता में प्रदेश उपाध्यक्ष खिजर मोहम्मद कुरैशी, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह,रामप्रकाश सिंह यादव, रणवीर सिंह भदौरिया,डॉ. अनिल भारद्वाज,थानसिंह यादव भी उपास्थित रहे। श्री दैपुरिया ने कहा माननीय सहकारिता मंत्री अरविन्द भदौरिया ने ऐसा लगता है,जैसे अटेर विधानसभा पेटी कोन्टेक्ट पर अपने भाई को दे रखी हो। अटेर के विषय में सारे फैसले वही लेते है। जैसे अटेर की जनता ने जनप्रतिनिधि के रूप में अरविन्द सिंह जगह उनके भाई को चुना हो। जो हर कार्य में कमीशन खोरी को बढ़ावा दे रहे है। श्री दैपुरिया ने सवाल करते हुए कहा प्रदेष सरकार के सबसे कद्दावर मंत्री होने के वाबजूद भी विकास से अटेर क्षेत्र कोसो दूर है ।सहकारिता मंत्री प्रदेश के बडे मंत्रियों में गिने जाते है फिर भी अटेर को अपने कार्यकाल में एक फुलफेस एस.डी.एम. तक पदस्थ न करा पाये। अटेर क्षेत्र की जनता आज भी उनके कार्यकाल में प्रभारी एस.डी.एम. से काम चलाने को मजबूर है। उन्होंने कहा अटेर क्षेत्र में पी.डी.एस. वितरण की स्थिति दायनीय है। जब कि मंत्री जी ने कहा था। कि पी.डी.एस. में गडबडी मेरे लिये गौमांस खाने के बराबर है। फिर भी पीडीएस सिस्टम में भ्रष्टचार का बोलबाला है।कांग्रेस नेता ने कहा मंत्री श्री भदौरिया के कार्यकाल में जो भी तथा कथित विकास कार्य हुए हैं उनमें घनघोर भ्रष्टाचार हुआ



है। कांग्रेस सरकार आने पर इनकी जांच सुनिश्चित कराई जावेगी। उन्होनें मंत्री भदौरिया पर तंज कसते हुए कहा जिले की सबसे विकसित विधानसभा लहार है, जबकि हमारे नेता डा.गोविंद सिंह जी विपक्ष के नेता है, जबकि शासन में होते हुए भी सबसे पिछड़ी विधानसभा अटेर है। उन्हे हमारे नेता डा.गोविंद सिंह से सीख लेनी चाहिए क्षेत्र का विकास कैसे कराया जाता है। उन्होंने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा भिण्ड में अटेर को के लिए जाने वाला प्रमुख मार्ग अतिक्रमण की चपेट में है। इस पर आए दिन घंटे जाम के हालात बने रहते हैं। डबल इंजन की सरकार के बाबजूद एक ओवर ब्रिज भी नही दिला पाई। जबकि भाजपा में सांसद संध्या राय,और पूर्व सांसद भागीरथ प्रसाद ब्रिज मंजूर करने का श्रेय लेते नजर आ रहे हैं। जबकि धरातल पर कोई कार्य नहीं हुआ है।

कांग्रेस नेता दैपुरिया ने अटेर को नगर पंचायत का दर्जा देने और फूफ की गल्ला मंडी तत्काल शुरू कराए जाने की मांग रखी। उन्होंने पीपरी सर्किल में पिथन पुरा पर टप्पा तहसील का दर्जा दिया जाने की भी मांग रखी। पत्रकारों के सवालों के जवाब में श्री दैपुरिया ने कहा अटेर में विकास कार्यों की तुलनात्मक रूप से बात की जाए तो पूर्व नेता प्रतिपक्ष सत्यदेव कटारे ने वर्तमान मंत्री अरविंद भदौरिया से ज्यादा विकास किया बल्कि गुणवत्ता का भी ध्यान रखा था वर्तमान में जो विकास हुए हैं वो गुणवत्ताहीन और भ्रष्टचार से युक्त हुए हैं। प्रेसवार्ता में बैनर से पूर्व मंत्री राकेश चौधरी और पूर्व विधायक हेमंत कटारे के फोटो गायब थे इस पर पत्रकारों का जवाब देते हुए श्री दैपुरिया ने कहा मेरा किसी से कोई विवाद नही भूलबस बैनर में फोटो नही लग पाया। टिकट की दावेदारी हर कार्यकर्ता का अधिकार है। जिसे पार्टी टिकट दे हम उसके साथ।

# 'हिन्दू साम्राज्य दिवस' पर शिवाजी के समग्र जीवन से जुड़ी एक 'विचार गोष्ठी' का किया गया आयोजन

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**



**ग्वालियर।** गोविंदपुरी, थाटीपुर स्थित सुरेंद्र पाल सिंह कुशवाहा के निवास पर गत दिवस ÷हिन्दू साम्राज्य दिवस ÷ पर शिवाजी के समग्र जीवन से जुड़ी एक ÷विचार गोष्ठी÷ का आयोजन किया गया। वर्ष सन् 1674 में ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी के दिन छत्रपति शिवाजी का रायगढ़ के किले में राज्याभिषेक हुआ। ÷ यह ÷हिन्दू साम्राज्य दिवस÷ के रूप में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इसी संदर्भ में ÷छत्रपति शिवाजी महाराज ÷ के जीवन के आदर्शो पर में ही ÷ विचार गोष्ठी ÷का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी में सहभागिता करते हुए साहित्यकार रामचरण÷ रुचिर÷ ने शिवाजी के स्वाभिमान की चर्चा करते हुए कहा ÷शिवाजी का जन्म 19 फरवरी सन 1630 को शिवनेरी दुर्ग, जिला पुणे, महाराष्ट्र में हुआ था ।उनके पिता शाहजी राजे भोंसले एक शक्तिशाली सामंत राजा थे । शिवाजी की माता जीजाबाई एक आदर्शवादी विदुषी महिला थी, उन्होंने शिवाजी को एकता अखंडता की रक्षा के लिए समर्पित रहने खुद को योग्य बनाने एवं आत्मसम्मान से दृढ़ संकल्प हेतु शिक्षा दी ।शिवाजी कुशल संगठक रहते हुए आदर्श सुशासन करने में सक्षम रहे। उन्होंने प्रगति के लिए अनेकों तालाब बनवाए, स्वदेशी व्यापार पर बल दिया, महिला सुरक्षा का न्याय पूर्ण तरीके से व्यवस्थापन किया ।मंदिरों का पुनर्निर्माण कराया और किसानों से लिए लिए जाने कर को व्यवस्थित किया। शिवाजी महाराज ने मराठा सरदार के रूप में टोरणा के किले पर कब्जा सोलह वर्ष की आयु में किया था ।वह एक आदर्शवादी शासक व राष्ट्र सेवा के लिए दृढ़ संकल्पित थे । शिवाजी के गुरु समर्थ रामदास थे। राम चरण ÷रुचिर÷ ने उनके बचपन के प्रसंग एवं पिताजी के साथ एक बार बीजापुर के सुल्तान के दरबार में उनके द्वारा सुल्तान को झुक कर सलाम न करना एवं शेर की तरह से चौड़ा सीना करते हुए उन्नत मस्तक से उनके द्वारा दरबार से वापस आना ,यह उनका निडर एवं साहसी स्वभाव बताया । उनके जीवन में माँ जीजाबाई के प्रभाव की भी विशेष चर्चा की उन्होंने अपने जीवन काल में शिवाजी ने 360 किले जीते । एक बार अफजल की कुटिल चाल को भांपते हुए और उससे सामना करते हुए बघनखा से उसको मृत्यु के घाट उतारने वाला साहसपूर्ण कार्य भी उनके जीवन का एक अद्भुत प्रसंग सुनाया । शुभाषेन्दु श्रीवास्तव ने शिवाजी के जीवन के प्रत्येक प्रसंग को अत्यंत रोमांचक एवं साहसी बतायागीतकार राजेश शर्मा ने परिचर्चा को आगे बढाते हुए शिवाजी के हिन्दू साम्राज्य को स्थापित करने के लिए किए संघर्षों का विस्तार से वर्णन किया7 साथ ही सूरत पर आक्रमण करके उन्होंने औरंगजेब को आर्थिक नुकसान पहुँचाने की घटना व हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने के प्रयास का वर्णन किया

वरिष्ठ गीतकार घनश्याम भारती ने कहा÷ शिवाजी के जीवन से प्रेरणा लेकर सनातनी संस्कारों पर हो रहे हमले को रोकने का अभियान चलना चाहिए साथ ही युवा पीढी को भी शिवाजी के जीवन के प्रेरक प्रसंग सुनने चाहिए अगले क्रम में सुरेंद्र पाल सिंह कुशवाहा ने परिचर्चा में अपनी बात रखते हुए कहा ,कि शिवाजी ने सनातनी संस्कारों का पालन करते हुए अपने पिताजी के जीवन काल में राज्याभिषेक नहीं करवाया साथ ही पिता जी को दुश्मन कि कैद से छुड़ाने के लिए अनेक जीते



हुए भूभाग को सहर्ष छोड़ दिया यह एक पुत्र का पितृभक्त का अनुकरणीय उदाहरण है,जिसे आज के युवाओं को आत्मसात करना चाहि ललित मोहन त्रिवेदी,ने परिचर्चा का समापन करते हुए कहा, कि शिवाजी की बुद्धिमत्ता एवं साहस अभूतपूर्व था चाहे फिर शाइस्ता खान को पराजित करने की बात हो या कुटिल अफजल खान को बघनखा से उसकी जीवन लीला समाप्त करने की बात होपरिचर्चा में श्रोताओं ने भी अपने विचार रखे और अपने वक्तव्य में शिवाजी के जीवन काल एवं उनके आदर्शों व सराहनीय कार्यों पर प्रकाश डाला

कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय एवं प्रेरक रहा कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार प्रदर्शन संयोजक सुरेंद्र पाल सिंह कुशवाहा ने किया

# टिकट मांगना अनूप व नारायण का हक: जीतू जिराती



**ग्वालियर।** भारतीय जनता पार्टी के ग्वालियर चंबल संभाग प्रभारी जीतू जिराती ने पूर्व मंत्री अनूप मिश्रा और नारायण सिंह कुशवाह की टिकट दावेदारी पर कहा है कि यह उनका हक है और 100 प्रतिशत बाजिव भी है।

आज पत्रकारों द्वारा पूछे गये सवाल पर जीतू जिराती ने कहा कि दोनों पूर्व मंत्रियों की मांग सही है, लेकिन टिकट का निर्णय संसदीय दल व कोर कमेटी ही तय करेगी। यह भी तय है कि टिकट फाइनल हो जाने के बाद सब एकजुट होकर परिवार भाव से पार्टी के लिये काम करेंगे।

# सरकार उटीला की महिलाओं के खातों में हर माह लगभग 7 लाख रुपए भेजेगी: भारत सिंह

ग्वालियर7 उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत अकेले उटीला गाँव में 686 महिलाओं को पंजीकृत किया



गया है। प्रदेश सरकार हर माह लगभग 7 लाख रुपये उटीला ग्राम पंचायत की महिलाओं के खाते में भेजेगी।। मंत्री कुशवाह शनिवार को मुरार जनपद पंचायत के ग्राम उटीला में लाडली बहनाओं को स्वीकृति पत्र सौंपने के लिए पहुँचे थे।राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कुशवाह ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान देश के ऐसे पहले मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने पूरे राज्य की महिलाओं को अपनी बहन मानकर उनके रोड़मर्रा के खर्चे की चिंता की है। इस दिशा में प्रदेश सरकार ने ÷ मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना÷ शुरू कर महिला सशक्तिकरण के लिए क्रांतिकारी कदम उठाया है। मंत्री कुशवाह ने कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं से कहा कि आप सबको सरकार हर महीने एक हड़ार रुपए प्रदान करेगी। इसके लिए आपको कहीं जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। धनराशि सीधे आपके खाते में पहुँच जाएगी। मंत्री कुशवाह ने सभी पात्र महिलाओं को लाडली बहना योज.ना से जोड़ने के लिए पंचायत राज संस्थाओं, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि गण एवं शासकीय सेवकों के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने उटीला गाँव की महिलाओं को लाडली बहना के स्वीकृति पत्र सौंपे। इस अवसर पर कुंअर सिंह जाटव सहित अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि गण एवं जनपद पंचायत के सीईओ राजीव मिश्रा समेत अन्य संबंधित अधिकारी व बड़ी संख्या में लाडली बहनाएँ मौजूद थीं।

# मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर खजुराहो के मतँगेश्वर प्रांगण में हुआ नव कुण्डिय महायज्ञ

गंगा दशहरा के पवित्र दिवस एवं गायत्री परिवार के आचार्य श्री राम शर्मा जी की पुण्य तिथि पर श्री मतँगेश्वर महादेव, पंडित देव प्रभाकर शास्त्री ( दद्दा जी ), पदम सिंह आचार्य विद्यासागर जी महाराज एवं विराग सागर जी महाराज के शिष्य बाल ब्रह्मचारी ब्रह्मरुपी जी महाराज के आशीर्वाद से तथा गायत्री परिवार, श्री मतँगेश्वर सेवा समिति, बुंदेलखंड विकास निधि बैंक, ब्रह्म कुमारी प्रजापति, क्लीन एवं ग्रीन मिशन खजुराहो के सयोजन में देश के यशस्वी प्रधानमंत्रीमोदी की सरकार के 09 वर्ष पूर्ण होने पर तथा मोदी जी के स्वास्थ्य, सुख शांति के लिए वैदिक रीति से पूजा पाठ जिसमे सर्वप्रथम शिव सागर तालाब पर जल पूजन तत्पश्चात झाडू ार्यक्रम राजनगर विधानसभा क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता एवं बुद्धिजीवियों द्वारा आयोजित किया जाता है 7 नव कुण्डीय यज्ञ से पर्यावरण शुद्धि एवं क्षेत्र का विकास होता है कार्यक्रम के मुख्य यजमान राकेश मीना राजोरिया रहे 7 इस कार्यक्रम में सांसद श्री वी डी शर्मा के प्रतिनिधि समोध शुक्ला, नगर परिषद के अध्यक्ष पप्पू अवस्थी, छ्स्ल्ह बसंत चतुर्वेदी, विकास चतुर्वेदी, विवेक पटेरिया, कामता गुप्ता, भरत शाहू, देवेंद्र चतुर्वेदी, अविनाश



तिवारी,बहिन वी के विद्या, बहिन वी के नीरजा, परशुराम तिवारी, राकेश जैन, ऋषभ जैन, पुष्पा रावत, राजकुमार गंगेल, शांति यादव, अंकिता पाठक, स्नेहलता मिश्रा, त्रिवेणी वर्मा, शिवानी गौतम, देवेंद्र जैन, वीरेंद्र पूजा सीगोत,विश्व हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं एवं ब?ी संख्या में बागेश्वर धाम से आए श्रद्धांलुओं, स्कूली बच्चों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आई महिलाओ ने भाग लिया स्थानीय योगाचार्य एवं ज्योतिष विशेषज्ञ पंडित श्री प्रखर गोस्वामी ने बताया कि 30 मई 2023 को महत्वपूर्ण योग गंगा दशहरा दसवीं तिथि प्रथम भाग में, दसवीं तिथि पूर्ण तिथि है ओर इस तिथि को धर्मराज से जो?ा गया है 7 यह धर्म के क्षेत्र में उन्नति के लिए विशेष शुभ है दूसरे भाग में निर्जला एकादशी है जो कि सारी एकादशीयों में सबसे महत्वपूर्ण है 7 सिद्धि प्राप्ति के लिए अति शुभ तिथि है इस दिन हस्त नक्षत्र पड़ रहा है इस नक्षत्र में हाथो से अगर शुभ कार्य हो तो हाथों में सिद्धि आती है 7 यह जेठ माह का अंतिम मंगलवार भी है यह हनुमान जी की आराधना ओर सिद्धि प्राप्त करने के लिए अद्वितीय है 7 श्री गोस्वामी ने बताया कि शिवरात्रि को छोड़कर 540 वर्ष बाद ऐसे श्री महायज्ञ का आयोजन मंदिर परिसर में हुआ है 7 जो खजुराहो क्षेत्र की वास्तु के अनुसार सुख शांति और समृद्धि के विकास में नई ऊर्जा प्रदान करेगा 7

# रेल दुर्घटना में मारे गए लोगों के लिए मोमबत्तीया जलाकर शोक व्यक्त किया

भारतीय युवा कॉग्रेस के राष्ट्रीय सचिव मितेन्द्र दर्शन सिंह ने अपने सभी साथियों के साथ कल ओडिसा के बालासोर में हुई हृदय विदारक रेल दुर्घटना में मारे गए लोगों के लिए मोमबत्तीया जलाकर शोक व्यक्त किया 7 शोक सभा बहोड़ापुर स्थित शील नगर के अम्बेडकर पार्क में रखी गई 7 इस दौरान मितेन्द्र



सिंह ने शोक संतृप्त परिवारों के लिए संवेदना व्यक्त की और कहा कि हम इन घटनाओं से सीखें और ऐसे काम करें कि भविष्य में दोबारा किसी परिवार को अपने घर के चिराग अकारण न खोने प? 7 सरकार से मांग करते हैं कि पी?तों को उचित मुआवजा एवं घर के एक सदस्य को नौकरी दी जाए

# कांग्रेस की हाथ से हाथ जोडो पदयात्रा घर-घर पहुँची

ग्वालियर। आज हर वर्ग किसान, मजदूर, युवा, महिलायें, बुजुर्ग, युवा अपने आप को असहाय महसूस कर रहा है, कांग्रेस इन वर्गो के हितो की रक्षा के लिए काम करती रही है और आगे भी करती रहेगी। 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा के गोला का मंदिर ब्लॉक में आज शाम 6 बजे वार्ड 19 के सूखा की कोठी पिन्टू पार्क पर कांग्रेस के जिला पदाधिकारी, ब्लॉक पदाधिकारी, मण्डल पदाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी, कांग्रेस पार्षद एवं सैक?ें कार्यकर्ता एकत्रित हुये, यहां से विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में 'हाथ से हाथ जोडो' पद यात्रा बृहद स्तर पर शुरू हुई। कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी के झंडे हाथों में लेकर चल रहे थे। यात्रा सूखा की कोठी से प्रारम्भ होकर सूर्य विहार कॉलोनी एवं जडेरूआ कलां की समस्त गलियों में घर-घर पहुंची और जनता से सीधे संपर्क किया। इस दौरान विधायक डॉ. सिकरवार का पुष्?पहार पहनाकर जगह-जगह जोरदार स्वागत किया।यात्रा के दौरान विधायक डॉ. सिकरवार ने जनता से चर्चा करते हुये कहा कि भाजपा देश तो?ने की साजिश कर रही है, कांग्रेस भारत जो? रही है, भारत सर्वधर्म, सद्भाव, भाईचारा के लिए सारे विश्?व में एक मिसाल कायम कर रहा है।

# माता-बहनों को छोटे-मोटे खर्चो के लिए अब हाथ फैलाने की जरूरत नहीं : भारत सिंह

ग्वालियर7 माता-बहनों को छोटे-मोटे खर्चों के लिए अब किसी के आगे हाथ फैलाने की जरूरत नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने माता-बहनों की परेशानियों को समझकर उनके हित में ÷मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना÷ शुरू की है। जिसके तहत प्रदेश सरकार हर महीने महिलाओं के खातों में एक-एक हजार रुपए भेजेगी। इसी माह 10 जून को इसकी शुरूआत हो जाएगी। यह बात उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने लाडली बहनाओं को स्वीकृति पत्र वितरित करने लिए शहर के विभिन्न वार्डो में आयोजित हुए कार्यक्रमों में संबोधित करते हुए कहीं। राज्य मंत्री कुशवाह ने रविवार को शहर के वार्ड-64 के अंतर्गत पुरानी छावनी, और वार्ड-66 में ब?ौरी-सिकरौदी व लखनौतिकलां में अलग-अलग आयोजित हुए कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत महिलाओं को स्वीकृति पत्र वितरित किए। कुशवाह की मौजूदगी में पुरानी छावनी में आयोजित हुए कार्यक्रम में लगभग ढाई हजार महिलाओं को लाडली बहना योजना के स्वीकृति-पत्र सौंपे गए। इस अवसर पर राज्य मंत्री कुशवाह ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बालिका सशक्तिकरण एवं महिलाओं के कल्याण के उद्देश्य से शुरू की गई योजनाओं के सकारात्मक परिणाम



सामने आए हैं। प्रदेश में अब बेटी का जन्म होने पर घर में मायूसी न होकर खुशियाँ मनाई जाती हैं। सरकार ने लाडली लक्ष्मी योजना के माध्यम से बेटी के जन्म से लेकर प?ाई व शादी तक की चिंता की हैं। इसी दिशा में सरकार ने महिलाओं के हित में क्रांतिकारी ÷मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना÷ शुरू की हैं। कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद गण एवं श्रीमती सुमन शर्मा, ममता बघेल, श्रीमती लता यादव, माया जाटव, आकाश भदौरिया, उदय यादव, रामनाथ राणा, सोनेराम बघेल व राजेन्द्र खटीक सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण एवं बड़ी संख्या में स्वीकृति पत्र लेने आई महिलाएँ व उनके परिजन मौजूद रहे। **प्रदेश भर की महिलाओं के भैया का कर्तव्य निभा रहे हैं**

**मुख्यमंत्री** –मुख्यमंत्री लाडली बहना के स्वीकृति पत्र पाकर प्रफुल्लित महिलाएँ तब और खुश हो गईं जब राज्यमंत्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि आप सब के सगे भाई तो साल में कभी-कभार ही अर्थिक मदद के लिए आगे आते होंगे, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह तो प्रदेश भर की महिलाओं के भैया का दायित्व निभा रहे है। वे हर महीने पूरे प्रदेश की अपनी सभी बहनों के खातों में छोटे-मोटे खर्चों के लिए एक-एक हजार रुपए भेजेंगे। यह सुनकर महिलाओं में खुशी की लहर दौड़ गई और सभी ने तालियाँ बजाकर अपनी खुशी जाहिर की ।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478